# ग्रामीणों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम व ध्यान का प्रशिक्षण

## मुक्त विश्वविद्यालय ने टीएसएल चाड़ी गांव में लगाया योग शिविर

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के समाज विज्ञान विद्या शाखा द्वारा आज विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गए गांव टीएसएल चाड़ी, नैनी में एक योग जागरूकता कार्यक्रम तथा मतदाता निर्माण एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्रयागराज की अग्रणी सामाजिक संस्था श्री सुमंगलम के परिसर में आयोजित किया गया। योग जागरूकता कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के असिस्टेंट प्रोफेसर अमित कुमार सिंह द्वारा उपस्थित ग्रामीणों तथा संस्थाओं के बच्चों सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर समाज विज्ञान विद्या शाखा के



निदेशक प्रोफेसर एस कुमार ने उपस्थित लोगों को योग अभ्यास के महत्व को बतलाया तथा इस दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रम एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के योग कार्यक्रम से संबंधित संदेश को साझा किया। इसके उपरांत श्री सुमंगलम संस्था के अरविंद एवं श्रीमती देवयानी द्वारा संस्था में रह रहे बच्चों एवं उनके क्रियाकलाप, पठन-पाठन के संबंध में जानकारी दी गई। प्राणायाम एवं योगासन के उपरांत राजनीति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने ग्रामीणों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। विश्वविद्यालय की महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर रुचि बाजपेई ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर रुचि बाजपेई ने बच्चों को चॉकलेट भी वितरित किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर एस कुमार, प्रोफेसर रुचि बाजपेई, डॉ आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ सुनील कुमार, डॉ वंदना वर्मा, डॉ सोहनी देवी, डॉ सुभाष चंद्र पाल, श्री राजेश सिंह एवं श्रीमती कामना यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर टीएसएल चाड़ी गांव के ग्राम प्रधान राजेश निषाद का सहयोग सराहनीय रहा।

# घर के सामने खडी टैक्टर ट्राली चोरी

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** घर के सामने खडी नई ट्रैक्टर ट्राली को दो बाइकों से आए चोरों ने उडा दी। कई स्थानों पर सीसी कैमरे में ट्राली ले जाते हुए तसवीर कैद हो गई। पुलिस ने कतिपय संदिग्धों को उठाकर पूछताछ कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी अरुण कुमार उर्फ पप्पू पुत्र स्वर्गीय पन्ना लाल विश्वकर्मा ट्रैक्टर ट्राली मिस्त्री हैं। बताया गया है कि एक नई ट्राली बना कर वह अपने घर के सामने मरखामऊ में खडी किए हुए था। बीती रात चोरों ने दो बाइकों से चार चोर आए दूर दूर तक लोकेशन लेते हुए कई स्थानों पर लगे सीसी कैमरे में चोरी की ट्रैक्टर ट्राली कैद हो गई है। सीसी कैमरे में छपाई बाग, भारत फर्नीचर, गंजियाबार ,आदि स्थानों पर लगे कैमरे में तसवीर कैद हो गई है। पुलिस कई संदिग्धों को उठा कर पूछताछ कर रही है।

# कर्नाटक की जीत भाजपा के लिए सबक-सूरज शुक्ल

**यूथ कॉग्रेस ने सिरसा में मनाया जीत का जश्न, मिठाई खिलाकर दी एक दूसरे को जीत की बधाई**

लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** यूथ कॉग्रेस प्रयागराज सूरज शुक्ल की अगुवाई में रविवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत का जश्न मनाया है।उंन्होने कहा कि पार्टी की यह जीत भाजपा के लिए सबक है।कर्नाटक की जनता ने भाजपा नीतियों को नकार कर देश को एक संदेश दिया है।क्षेत्र के सिरसा कस्बे के लाला राम लाल इण्टर कालेज में यूथ कॉग्रेस टीम ने कर्नाटक विधान सभा चुनाव में मिली धमाकेदार जीत का जश्न मनाते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी।यूथ कॉग्रेस के जिलाध्यक्ष



सूरज शुक्ल ने कहा कि देश की जनता भाजपा के जुमले को समझने लगी है।उंन्होने कहा कि भाजपा नेता देश को जाति और संप्रदाय में बांटकर राजनीति करना चाहते हैं, जो देश के लोकतंत्र के लिए खतरा है।श्री शुक्ल ने कहा कि कर्नाटक चुनाव 2024 लोकसभा का ट्रैलर है।जनता बदलाव के लिए तैयार है। जश्न में प्रमुख रूप से पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डीपी त्रिपाठी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ, अमन मिश्रा, शिवम यादव, तरुण यादव, कुलदीप यादव, मेराज अहमद, अनुराग शुक्ल, राहुल सिंह पटेल, उत्कर्ष पांडेय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शोएब अंसारी की जीत पर दूसरे दिन जश्न

**दूरदराज गांवों से बधाई देने वालों का लगा रहा तांता, सपाइयों में खुशी की लहर**

लोकमित्र ब्यूरो

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** चौथीबार लगातार जीत का मुकुट पहनने वाले सपा के शोएब अंसारी के घर पर दूसरे दिन जश्न का माहौल रहा। तथा दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से मिलने वालों की भीड उमडी रही तथा बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मिष्ठानों का वितरण भी लगातार जारी रहा। इस जीत से सपाईयों ने जमकर कर नारे लगाए। सोरांव विधायक गीता पासी, पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, मेराज आरिफ, संजीव आर्या, नूर उद्दीन सैफी, छेदीलाल यादव, सुभाष यादव, श्याम सिंह बच्चा, आसिफ अब्बसी, राम चन्द्र यादव, रामसजीवन यादव, अजय जायसवाल आदि ने बधाई दी।

## नगर पंचायत की नई खतौनी के लिए होगी पहली लड़ाई-शोएब

**मऊआइमा।** शनिवार को चौथी बार जीत का प्रमाण पत्र लेते समय शोएब अंसारी ने कहा कि वह सबसे पहले नगर पंचायत मऊआइमा की नई खतौनी के लिए संघर्ष करेंगे। इसके लिए धरना भी देना पड़ेगा तो पीछे नहीं हटेंगे। यह जीत आम जनता के अलावा गरीबों, असहायों आदि की दुआओं का नतीजा है। इस अवसर पर उनके साथ मेराज आरिफ, आसिफ अब्बसी, शौकत अली, जावेद अख्तर, उमैर जलाल, नूर उद्दीन सैफी, वासिक, ग्राम प्रधान तीरथ यादव, कौशरगयास ,दानिश अंसारी, मुन्ना, फरोग महमूद आदि बडी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## चौदह में से ग्यारह वार्डों में जीते शोएब

मऊआइमा। नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन पूरा काजी पसियान में शोऐब अंसारी को 240 जबकि भाजपा के आलम को 315 मत मिले, वार्ड संख्या बारह में शोएब अंसारी को 219 जबकि भाजपा को 431 मिले,एल। इसी तरह वार्ड संख्या चार में शोएब को 259 तथा भाजपा के आलम को 312 मत प्राप्त हुए। इनके अतिरिक्त सभी ग्यारह वार्डों में शोएब अंसारी को बड़ी जीत मिली। उनको सर्वाधिक मत 588 वार्ड नौ महतवाना में मिले जबकि भाजपा के आलम को सिर्फ 120 मत ही हासिल हुए। शोएब ने भाजपा के मोहम्मद आलम को 2644 मतों से पराजित कर इतिहास रच दिया।

# ब्लड बैंक के उद्घाटन के साथ 67 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान




**रक्तदाताओं व ब्लड डोनेशन करने वाली संस्थाओं को नाज़ संस्था की ओर से किया सम्मानित**

**प्रयागराज।** नाज़ सामाजिक संस्था की ओर से करैली में ब्लड बैंक के उद्घाटन को मातृत्व दिवस के रुप में मनाया गया। नाज़ ब्लड बैंक का उद्घाटन बुजुर्ग महिला ने फीता काट कर किया। ओनर डॉ नाज़ फात्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव डॉ विश्वदीप केसरवानी, डॉ नाज़िम, डॉ ईशान ज़ैदी, डॉ जमशेद अली, डॉ पाण्डेय, डॉ हरदीप कौर के साथ 35 सालों से रक्तदान शिविर संचालित करने वाले इंक़ेलाबी ब्लड डोनर एसोशिएशन के शाहिद अस्करी, 127 बार ब्लड देकर पुरे उत्तर प्रदेश में ख्याति प्राप्त करने वाले कैप्टन मोहम्मद मेंहदी नक़वी, रवित सचदेवा, संजीव चावला, यूफोरियल संस्था के देवेश, फरहान आलम, अकबर खान, समाजिक नेता व करैली व्यापार मण्डल के अध्यक्ष शाहिद कमाल खान बब्लू, मोहम्मद परवेज़, क्रिकेटर अस्करी अब्बास, शिवम यादव, सैय्यादैन नक़वी आदि रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने को उपस्थित रहे।संस्था के मैनेजर सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार मातृदिवस और नाज़ ब्लड बैंक के उद्घाटन समारोह में केक भी काटा गया वहीं संस्था की ओर से डाक्टरों, आशाओं और समाज में ब्लड डोनेट कर इतिहास रचने वालों को बुके भेंट करने के साथ शॉल ओढ़ा कर व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। ब्लड डोनेट करने वालों में डॉ नाज़ फात्मा, अमित यादव, डॉ जमशेद अली, डॉ अभिषेक कनौजिया, इमरान इक़बाल अजमली, विनय कुमार श्रीवास्तव ,ज़ामिन हसन ,दीपक कुमार मालवीय ,विनोद कुमार शुक्ला , मोहम्मद रईस ,कामिल हुसैन अंजू पटेल समेत अन्य दो दर्जन लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

# संस्कृति सृजन अकादमी में मातृत्व दिवस का आयोजन



**प्रयागराज।** कौंधियारा ब्लॉक अंतर्गत विद्यालय संस्कृति सृजन अकादमी सड़वा खुर्द प्रयागराज में मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर बी बी अग्रवाल एवं प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैसे ब्लाइंडफोल्ड मेकअप जिस के विजेताओं श्रीमती स्मृति केसरवानी एवं रचना मिश्रा थी। टच द नोज जिसकी विजेता अग्रिमा पांडे हुई जिन्हें उत्कृष्ट माता का सम्मान प्रदत्त किया गया। मार्बल ट्रांसफर के विजेता सोनू केसरवानी एवं विवेक जयसवाल रहे। पिरामिड प्रतियोगिता जिसके विजेता बृजेश गुप्ता रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर बी डी अग्रवाल ने अपने आशीर्वचन से सम्मानित किया और कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य संगीता सिंघल ने किया।

# प्रयागराज में खुलेगा प्रदेश का पहला सीनियर सिटीजन केयर सेंटर

**स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत उल्लास का होगा निर्माण**

**बुजुर्गों का अकेलापन दूर करने के लिए योगी सरकार की पहल**

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में योगी सरकार की तरफ से वृद्धजनों को समर्पित एक सर्व सुविधा युक्त सीनियर सिटीजन केयर सेण्टर का निर्माण किया जाएगा। स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत इसे शहर में बनाया जा रहा है। इसके सफल होने के बाद राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में भी ऐसे कई केंद्र खोले जाएंगे।औद्योगीकरण तथा नगरीकरण की वजह से समाज में संयुक्त परिवार का स्थान केन्द्रक परिवार ले रहे हैं। शहरी कामकाजी पीढ़ी रोजगार, नौकरी और आर्थिक जरूरतों के चलते परिवार के बुजुर्गों के लिए समय नहीं दे पाती है। ऐसे में बुजुर्ग खुद को अकेला और निराश्रित महसूस करने लगते हैं। योगी सरकार वृद्धजनों के इस अकेलेपन को भरने के लिए सीनियर सिटीजन केयर सेण्टर की स्थापना कर रही है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इसका निर्माण हो रहा है। प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ चंद्र मोहन गर्ग बताते हैं कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रयागराज में इसका निर्माण हो रहा है जिसको नाम दिया गया है ÷ उल्लास ÷। इसके लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत टेंडर भी जारी किया जा चुका है और अब 15 मई को इसकी तकनीकी बिड खुलनी है।

## ओल्ड ऐज होम से अलग होंगे उल्लास

**प्रयागराज।** बुजुर्गों की मानसिक जरूरतों और उनके अकेलपन को दूर करने के लिए बनाये जा रहे ये ÷उल्लास÷ केंद्र ओल्ड ऐज होम से अलग होंगे। उल्लास सेंटर में सुबह से लेकर शाम तक बुजुर्ग अपने हम उम्र लोगों के साथ सामूहिक गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे और मनोरंजन कर सकेंगे। ओल्ड ऐज होम की तरह यहाँ आवासीय सुविधा नहीं होगी। ये केंद्र पार्कों के बगल में खोले जायेंगे जहाँ बुजुर्ग खाली वक्त में वृक्षारोपण और उन पौधों की देखभाल करके खुद को व्यस्त रख सकेंगे। दो साल के लिए एक एजेंसी को इसके रखरखाव की जिम्मेदारी दी जाएगी।

## सर्व सुविधा सम्पन्न होगा उल्लास

प्रयागराज। वृद्धजनों के लिए शहर में बनाये जा रहे इस सेण्टर में बुजुर्गों की मानसिक दशा को देखते हुए वह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी जो इस अवस्था में उन्हें आवश्यक होती हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के सीईओ चन्द्रमोहन गर्ग के मुताबिक् ÷उल्लास÷ बुजुर्गों के कायाकल्प के केंद्र होंगे। यहाँ बुजुर्गों को अपने हम उम्र साथियों का साथ मिलेगा। यहां यह वरिष्ठ नागरिकों को अपने आयु वर्ग के लोगों के साथ बातचीत करने के लिए कम्युनिटी सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इसमें इनडोर और आउटडोर खेलों की व्यवस्था होगी। उनके मनोरंजन के लिए बड़े स्क्रीन के टेलीविजन लगाए जायेंगे। सेण्टर में धार्मिक पुस्तकों की लाइब्रेरी भी होगी। आउटडोर योग केन्द्रों की स्थापना की जायेगी।

# बीती रात तीन हजार रुपये नगद अनाज चोरी

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )** क्षेत्र के ग्राम खिवली कला मे बीती रात घर के बरामदे मे रखा अनाज, मोबाइल, तीन हजार रुपये नगद चोरी की वारदात हुई । भुक्तभोगी ने पुलिस चौकी बड़ोखर मे तहरीर दी है । कोरांव थाना अंतर्गत ग्राम खिवली कला निवासी सोमधर शुक्ल पुत्र राम सजीवन कमरे मे सो रहे थे । वही मोबाइल बरामदे मे चार्ज लगाए हुए थे । जिससे बीती रात पैन्ट मे रखे तीन हजार रुपये नगद तथा पास मे 5 कुन्टल गेंहु, 4 कुंतल सरसों चोरो ने उठा ले गए । सुबह नीद खुलने पर गायब हुए अनाज तथा कपड़े बिखरे देखकर दंग रह गए । जिसकी सूचना बड़ोखर चौकी पर दी गई , लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई रिपोर्ट दर्ज नही हुई ।चौकी इंचार्ज बड़ोखर राम प्रवेश यादव का कहना है कि इसकी जांच - पड़ताल किया जा रहा है । जल्द ही इस मामले की खुलासा हो जाएगा ।

# एक नक्सली की माँ का दर्द छलका नाटक 1084 की माँ मे हज़ार चौरासी... ये लाश का बिल्ला नम्बर है



**विशाल का विद्रोह, सुजाता का दर्द दर्शकों की आँखे नम कर गया**

**प्रयागराज।** बडी ही शिद्दत से तय्यार किया गया नाटक- हज़ार चौरासी की माँ- प्रबुद्ध दर्शकों के दिल और दिमाग पर अपना असर छोड़ने मे कामयाब रहा। रवींद्रलाय प्रेक्षागृह मे मंचित महस्वेता देवी के मूल बांग्ला उपन्यास पर आधारित नाटक का हिंदी नाट्य रूपांतरण एवं निर्देशन अजय मुखर्जी किया था। भाग लेने वाले मुख्य कलाकार गरिमा कुशवाह, आशीष यादव, अभिलाष नारायण, प्रतिमा श्रीवास्तव, अहोना भट्टाचार्य, रोहित यादव तथा अन्य थे। रंगदीपन सुजॉय घोषल और संगीत संचालन शुभम वर्मा ने किया था।समाज और सत्ता की विसंगतियों से दो दो हाथ करने वाले नक्सली आंदोलन मे हिस्सा लेने वाले, और उसके जुनून मे प्राण त्याग देने वाले युवाओं के घर वालों पर क्या बीतती है, इसे इस नाटक में बखूबी पेश किया गया, और मर्माहत माँ की मनोभावनाओं को कलाकारों ने अपने अपने ढंग से दर्शकों तक प्रेषित कर उनकी आँखों को नम कर दिया।नाटक के उपरांत पूर्व कमिश्नर बादल चटर्जी एवं श्रीमती रूपम नारायण पांडेय ने विपिन शर्मा स्मृति युवा कलाकार सम्मान से सुश्री गरिमा कुशवाह को पुरस्कृत किया। इस नाटक में गरिमा जी मुख्य भूमिका में थीं।

# बिगडैल बहू ने सास की बेरहमी से की हत्या

**पति ने पत्नी के खिलाफ दर्ज कराई हत्या की प्राथमिकी, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** आजाद ख्याल बहू ने अपनी सास को मूसल से पीट पीट कर शुक्रवार रात उसकी हत्या कर दी थी।साक्ष्य मिटाने के लिए उसने पेट्रोल डालकर और बिजली के करंट से उसे झुलस दिया था।माँ की हत्या को लेकर बेटे ने अपनी पत्नी के खिलाफ मेजा थाने में हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है।मेजा पुलिस ने शक के आधार पर उसे शनिवार को हिरासत में ले लिया था।थाना प्रभारी मेजा ज्ञानेस्वर मिश्र ने पिंकेश सिंह की पत्नी सताछी देवी को शक के आधार पर शनिवार को हिरासत में ले लिया था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर उसकी हत्या की पुष्टि हो गयी और साक्ष्य मिटाने की कोशिश का राज फास हो गया।रविवार को मा विजय कुमारी 50 का रैपुरा गंगा घाट पर दाह संस्कार करने के साथ मेजा थाने पहुंचकर अपनी पत्नी के खिलाफ माँ की हत्या के आरोप में उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है।पुलिस ने सताछी से पूंछतांछ में हत्या के बारे में पूरी जानकारी लेकर ,हत्या में प्रयोग किये गए मूसल और अन्य आला कत्ल बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के जेवनिया पुलिस चौकी अंतर्गत बीरपुर गांव निवासी राकेश सिंह पत्नी विजय कुमारी (50) की उसकी बहू ने मुदगल से उसके सिर और चेहरे पर कई वार कर कूंच दिया था।करंट के जरिए उसे जलाने की कोशिश की थी।घर में सास बहू अकेली थी। बेटा पिंकेश भोपाल और उसका पिता हैदराबाद अपनी नौकरी पर थे। बहु सताछी उर्फ श्रुति ने पति को रात एक बजे सास की मौत की सूचना दी थी।भोर में गांव वालों को जानकारी मिली तो भीड़ जमा हो गयी। हत्या आरोपी के पति ने बताया कि वह आजाद ख्याल की थी।माँ की रोकटोक से आजिज थी।उसने मौका देखकर उसे बेरहमी से मार डाला है।उसने कहा इसकी सजा उसे भुगतनी पड़ेगी।

# भाजपा ने चुनाव ही नहीं बल्कि प्रयागराज की जनता का दिल भी जीता: गणेश केसरवानी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित महापौर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने नगर निगम के चुनाव में प्रचंड विजय के बाद आज उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पार्क में पहुंचकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सांसद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद केसरी देवी पटेल पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौड़ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रयागराज नगर निगम में मिली प्रचंड विजय भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं एवं भारतीय जनता पार्टी के विचारों की जीत है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित महापौर गणेश केसरवानी ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा ने नगर निगम का चुनाव ही नहीं बल्कि




प्रयागराज की जनता का दिल भी जीता है और जिस विश्वास के साथ प्रयागराज की जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ जिताया है उस विश्वास पर मैं खरा उतरूंगा।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर नवनिर्वाचित महापौर गणेश केसरवानी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रतिमा पार्क, क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद पार्क, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, छुन्नंन गुरु की प्रतिमा पर पहुंच कर उन्हें नमन किया और सांसद केसरी देवी पटेल के आवास पर पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही विहिप कार्यालय केसर भवन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठों का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन वरुण केसरवानी एवं कुंज बिहारी मिश्रा ने किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, अवधेश चंद्र गुप्ता, कमलेश गौतम, शशि वार्ष्णेय, पदुम जायसवाल, ,रमेश पासी, राजेश केसरवानी, श्याम चंद्र हेला, आशीष गुप्ता, रमेश पासी, राजू पाठक, प्रमोद मोदी,गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, सचिन जायसवाल, सुभाष वैश्य, राजन शुक्ला, प्रेमलता श्रीवास्तव, रोहित पप्पू पांडे, पवन मिश्रा, शिखा खन्ना, सरोज गुप्ता, रीता सिंह, जयवर्धन त्रिपाठी, वंदना सिंह, रेखा यादव, स्मृति श्रीवास्तव, रीता वर्मा,अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, मनोज मिश्रा, चंद्रा अहलूवालिया, एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवकाश प्राप्त रेलवे कर्मचारी हितकारी समिति की मासिक बैठक 15 मई को

**प्रयागराज।** अवकाश प्राप्त रेलवे कर्मचारी हितकारी समिति प्रयागराज के तत्वावधान में रेलवे पेंशनर्स की मासिक बैठक 15 मई को संस्था के रजिस्टर्ड कार्यालय 152 /100 स्वर्गीय सरदार किशन सिंह के आवास से पहले सुहागन पैलेस गेस्ट हाउस भावापुर करेली प्रयागराज काली मंदिर के पास होगी। जिसकी अध्यक्षता राजबली शर्मा संस्था के अध्यक्ष संयोजन सरजीत सिंह महामंत्री व अन्य पदाधिकारी गण करेंगे।

# मजदूर के अपहृत बेटे का नहीं लगा सुराग

लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़(प्रयागराज)।** बनतरी, मुकुंदपुर स्थित एक ईंट भट्ठे पर ईंट की पथाई कर रहे मजदूर के अपहृत 6 वर्षीय बेटा का सुराग दूसरे दिन भी नहीं लग सका।पुलिस व परिजन काफी खोजबीन किये। मगर बच्चे का कहीं भी सुराग नहीं लग सका।उधर परिजन अब तांत्रिक की शरण मे भी पहुंच गए हैं। तांत्रिक ने बताया कि अपहृत अरुण अभी जीवित है और तीस किमी की परिधि में है।बता दें कि



महोबा निवासी मजदूर राम सागर पत्नी बच्चों सहित ईंट पथाई के लिए बनतरी में आया था।शुक्रवार की रात सोते समय किसी ने 6 वर्षीय बेटे अरुण का अपहरण कर लिया।जबकि अरुण के विस्तर पर खून का धब्बा भी देखा गया।फॉरेंसिक टीम और डाग स्क्वायड भी मौके का मुआयना किया मगर नतीजा सिफर ही निकला।उधर पुलिस ने मजदूर राम सागर की तहरीर पर धारा 363 के तहत अज्ञात नाम से प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पूछताछ व जांच जारी है।

# डामरीकरण की बाट जोह रहा नीबी सम्पर्क मार्ग

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )** क्षेत्र के ग्राम सभा नीबी सम्पर्क मार्ग वर्ष 2005 मे दो लाख रुपए की लागत से ग्रामीण रोजगार के तहत मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया । जिससे वर्षा के होने पर इस मार्ग से गुजरने वाले ट्रैक्टर व चार पहिया वाहन के चलते जगह - जगह गढ्ढे होने से राहगीरों व दो पहिया वाहनों से घर तक पहुंचना मुश्किल हो गया है । इस संबंध मे लोगों ने तहसील दिवस व खंड विकास अधिकारी को कई बार प्रार्थना पत्र दिया । लेकिन अभी तक कोई निदान न होने से



नौनिहालों को स्कूल जाने मे काफी दिक्कते उठानी पड़ती है । वही रात मे घरो तक पहुंचना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है ।इसका वजह है कि बस्ती मे बिजली न होने से यह पता नही चलता सड़क कहा और गड्ढ़ा जबकि नीबी सम्पर्क मार्ग के किनारे शिव मंदिर स्थित है । लोग पूजा-अर्चना करने के लिए जाते है ।लोग वर्षा के दिनों मंदिर तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ग्राम प्रधान ने बताया कि प्रस्ताव भेज दिया गया है ।वजट के अभाव मे कार्य प्रारंभ नही किया जा सकता है ।खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार का कहना है कि जैसे ही धन उपलब्ध होने पर गिट्टी मोरम का कार्य कराया जाएगा ।

# विंध्यवासिनी प्रसाद को 94 प्रतिशत अंक

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** सीसीएससी बोर्ड की परीक्षा में मऊआइमा के विशानी उर्फ शिकोहाबाद के इन्टर में विंध्यवासिनीसनी प्रसाद मिश्रा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम विशानी उर्फ शिकोहाबाद के इन्टर में विंध्यवा सिनी प्रसाद मिश्रा पुत्र आशीष मिश्रा पूर्व ग्राम प्रधान ने सीबीएससी परीक्षा.में.94 प्रतिशत अंक हासिल कर सबको चौंका दिए। विंध्यवासिनी प्रसाद मिश्रा गुरुकुल



मोंटरेसरी शांतिपुरम में में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। इनके पिता आशीष मिश्रा पूर्व प्रधान रहे हैं जबकि दादा के के मिश्रा वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। इससे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# कॉन्स्टेबल को मारने वाले मिट्टी में मिल गए! पुलिस मुठभेड़ में ढेर हुए दोनों बदमाश

लोकमित्र ब्यूरो

**जालौन।** जालौन जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। सिपाही भेदजीत हत्याकांड में फरार बदमाशों की आज दोपहर पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक बदमाश को ढेर कर दिया। वहीं एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। आनन-फानन में घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मुठभेड़ में उरई इंस्पेक्टर भी गोली लगने से घायल हो गए। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।



बता दें कि अभी चार दिन पहले बीती 10 मई को इन बदमाशों ने ऑन ड्यूटी सिपाही भेदजीत की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सिपाही की हत्या के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। जिले के एसपी से लेकर आला अधिकारी तक ने घटनास्थल पहुंचकर मौका-मुआयना किया था। आला अधिकारियों ने एसपी को जल्द से जल्द बदमाशों की तलाश करने को कहा था, तभी से पुलिस इन बदमाशों की तलाश में जुटी थी।

आज उरई कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि फैक्ट्री एरिया चौकी क्षेत्र में दोनों बदमाश छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों बदमाशों की घेराबंदी कर सरेंडर करने को कहा, लेकिन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की। दोनों ओर से गोलीबारी के दौरान एक बदमाश की पुलिस की गोली लगने से मौके पर मौत हो गई। वहीं एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया।

### अस्पताल में चल रहा घायल इंस्पेक्टर का इलाज

बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में उरई कोतवाली इंस्पेक्टर गोली लगने से घायल हो गए। वहीं बुलट प्रूफ जैकेट पहने होने की वजह से दो सिपाहियों की जान बाल-बाल बच गई। पुलिस ने आनन-फानन में घायल बदमाश और इंस्पेक्टर को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बदमाश की मौत हो गई, जबकि घायल इंस्पेक्टर का इलाज चल रहा है। ढेर हुए बदमाशों में एक की पहचान कल्लू निवासी रहिया और रमेश निवासी सरसौखी के रूप में हुई।

### बदमाशों के ऊपर टॉर्च मारी तो बदमाशों को मार दी गोली

बता दें कि उरई कोतवाली में हाईवे स्थित पुलिस चौकी पर सिपाही भेदजीत बुधवार बीती 10 मई को ड्यूटी कर रहे थे, तभी हाईवे से बदमाश गुजर रहे थे। सिपाही भेदजीत ने बदमाशों के ऊपर टॉर्च मारी तो वह नाराज हो गए और सिपाही के ऊपर फायरिंग कर दी। गोली लगने से मौके पर ही सिपाही की मौत हो गई। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर दोनों बदमाश फरार हो गए।

## मातृ दिवस पर हुआ योग शिविर का आयोजन

**गोण्डा।** मातृ दिवस के अवसर पर आवास विकास स्थित प्रेरणा पार्क में माताओं के उत्तम स्वास्थ हेतु एक योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त माताओं बहनों को योगाभ्यास करवाया और उससे होने वाले लाभ पर भी प्रकाश डाला। शिविर में उपस्थित योग साधकों ने मातृ सत्ता के प्रति अपने अपने विचार प्रस्तुत किए एवं अपनी मां के प्रति अपना प्रेम एवं उनके हौसले को सलाम व्यक्त किया।

योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने समस्त योग साधकों को अपनी माताओं के हौसले उनके हुनर की सराहनीय तथा उनकी प्रेरणा बनकर आगे बढ़ने की सलाह दी।

शिविर के अंत में योगाचार्य ने बताया कि जिस प्रकार से अपने गुरु से सीखते हैं। तथा उन्हें सम्मान देते हैं। ठीक उसी प्रकार से उन्हें अपने माताओं को भी सम्मान देना चाहिए। उन्हें यह बात कभी नहीं भूलनी चाहिए कि हर विद्यार्थी के प्रथम गुरु उसकी मां होती है।

## बीजेपी विधायक के भाई की बगावत से चेयरमैनी सपा की झोली में

**कर्नलगंज/कटरा बाजार, गोण्डा।** क्षेत्र के बीजेपी विधायक के भाई के बगावती तेवर ने नगर पंचायत कटरा बाजार में भाजपा से जीत छीन ली और चेयरमैनी सपा की झोली में डाल दी। आपको बता दें कि नगर पंचायत कटरा बाजार के परिसीमन/सीमा विस्तार में चार ग्राम पंचायतों को शामिल करने के बाद भाजपा ने जीत हांसिल करने की जुगत की थी लेकिन क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह के भाई विजय प्रताप सिंह उर्फ तिरपन सिंह के बगावती तेवर ने भाजपा के हाथ आने वाली जीत को छीन कर सपा की झोली में डाल दिया। मालूम हो कि कटरा बाजार नगर पंचायत करीब 100 साल से अधिक पुरानी नगर पंचायत है। यहां पर समाजवादी पार्टी का लगातार दबदबा रहा है। बीते दो कार्यकाल में मुजीबुल हसन सुबराती यहां के चेयरमैन रहे। इस बार उन्होंने अपनी बेटी शमा परवीन को चुनाव मैदान में उतारा था वहीं भाजपा ने पार्टी कैडर के नेता अर्जुन प्रसाद तिवारी को मैदान में उतारा था। बता दें कि नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा विधायक बावन सिंह के भाई विजय प्रताप सिंह उर्फ तिरपन सिंह टिकट मांग रहे थे लेकिन भाजपा से टिकट ना मिलने पर उन्होंने अपने विधायक भाई को निशाना बनाया और बगावती तेवर अपनाकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी पत्नी कमलेश सिंह को चुनाव मैदान में उतार दिया। इसी के साथ नगर पंचायत में शामिल चरेरा गांव के राजेश पाण्डेय ने भी निर्दल उम्मीदवार के रूप में चुनाव में अपनी दावेदारी पेश की। जानकारों की मानें तो विधायक के भाई की पत्नी ने भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और भाजपा को हाथ में यह सीट आने से फिसलकर सपा के झोली में चली गई। जिसका परिणाम फिर वही निकला और मुजीबुल हसन सुबराती की बेटी शमा परवीन समाजवादी पार्टी से जीतने में कामयाब रहीं और राजनीतिक दिग्गजों की प्रतिष्ठा का विषय बनी कटरा बाजार नगर पंचायत अध्यक्ष सीट पर सपा का वर्चस्व बरकरार रहा।

## आवाम ने लोकतंत्र को मजबूत करने का किया काम

**गोण्डा।** नागरिक एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो० शमीम खान ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर कर्नाटक की जनता को दिली मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि कर्नाटक की जनता ने महंगाई बेरोजगारी और नफरत के विरुद्ध मतदान कर लोकतंत्र के गुलदस्ते को हरियाली दी है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक चुनाव में हिन्दू-मुस्लिम, बजरंग दल, बजरंगबली और मुसलमानों को मिल रहे आरक्षण को ख़त्म करने की दुहाई देकर वोट लेने का प्रयत्न किया जा रहा था। कर्नाटक की आवाम ने इन तमाम फिजूल और फर्जीवादों को दुत्कार कर कांग्रेस पार्टी को सत्ता की कुर्सी पर बैठाया है। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में महंगाई, बेरोजगारी का मुद्दा ही हावी रहेगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के चुनाव में महंगाई, बदहाल कानून व्यवस्था जैसे मुद्दे गायब रहे और कर्नाटक में तमाम चुनाव हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर लड़ा लेकिन वहां की शांतिपूर्ण जनता ने इन फिजूल की बातों को नकार कर 2024 के दूरगामी परिणाम का संकेत दे दिया है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जताया आभार, स्वीकार किया अभिवादन

लोकमित्र ब्यूरो

**धानेपुर (गोंडा)।** नवसृजित नगर पंचायत धानेपुर में पहली बार हुए निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी उमा देवी ने जीत हासिल की है। शनिवार को मतों की गणना जनपद मुख्यालय स्थित गल्ला मण्डी में हुयी, रविवार को नगर पंचायत क्षेत्र में विधायक व चेयरमैन प्रतिनधि मंशाराम वर्मा का भव्य स्वागत किया गया, विधायक विनय कुमार द्विवेदी व मंशाराम वर्मा का काफिला सोनबरसा पोखरा के महंत छोटे बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद पहुंचा, जहां संत छोटे बाबा के अनुयायी और दोनों प्रतिनिधियों के समर्थक भारी संख्या में मौजूद रहे।

आश्रम पर स्थित माँ ज्वाला देवी के दर्शन के उपरान्त सन्त छोटे बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धानेपुर क्षेत्र के विकास के लिए उनके मार्ग दर्शन की अपेक्षा की, आश्रम से लौटने के बाद धानेपुर में स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पहुंच कर समर्थको का अभिवादन स्वीकार किया। धानेपुर बाज़ार में भी समर्थकों ने जगह जगह फूल मालाओं से प्रतिनिधियों का स्वागत किया, कड़ी धूप में अभिवादन स्वीकार करने व मिलने जुलने का ये कार्यक्रम विधायक श्री द्विवेदी के पैतृक आवास बाबागंज मठिया पर पहुंच का रुका वहां उन्होंने जनता के बीच रह कर जन सुनवाई की तथा नगर पंचायत के विकास की रूप रेखा पर विस्तृत चर्चा की है। इस मौके पर मूजेहना प्रधानसंघ अध्यक्ष विनोद सिंह, दिनारा ग्राम प्रधान सालिकराम, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, उमाकांत शुक्ल, नव निर्वाचित सभासद अखिल सिंह, बजरँगी, सुरेश मोदनवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता की दिवंगत माता जी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त

**कर्नलगंज, गोण्डा।** बार एसोसिएशन तहसील कर्नलगंज के संयुक्त मंत्री अधिवक्ता अमरेश कुमार चतुर्वेदी (राजू चौबे) निवासी ग्राम बसालतपुर की माता जगन्नाथी पत्नी परमेश्वरी प्रसाद का चतुर्वेदी का बीते दिनों 29 अप्रैल शनिवार को आकास्मिक निधन हो गया था। जिनका दाह संस्कार रविवार 30 अप्रैल को कर्नलगंज क्षेत्र के कटरा घाट पर किया गया था। अधिवक्ता के दिवंगत माता जी के तेरहवीं संस्कार के मौके पर दिनाँक 13.05.2023 शनिवार को दोपहर 12 बजे श्रद्धांजलि देने माननीय राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश सरकार नरेन्द्र श्रीवास्तव जी बसालतपुर गाँव पहुंचे जहाँ उनके साथ अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। वहीं तेरहवीं संस्कार में पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, अरविन्द शुक्ल, एडवोकेट, प्रधान पति रामप्रकाश श्रीवास्तव, गजेंद्र मिश्रा, सीताराम तिवारी, डा० रतन शुक्ल, मोहर्रम अली, अजय मिश्र एडवोकेट सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## 'हिंदुओं को दोस्त बनाओगी तुम लोग', युवक के साथ घूमती दिखीं मुस्लिम युवतियां तो उतारा नकाब

लोकमित्र ब्यूरो

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में दो मुस्लिम युवतियोंऔर एक हिंदू युवक के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। यहां कोतवाली थाना क्षेत्र के भगत सिंह मार्केट में दो मुस्लिम युवतियां अपने हिंदू दोस्त के साथ घूम रही थीं। आरोप है कि कुछ युवक आए और हिंदू युवक के साथ मारपीट करने लगे। साथ ही मुस्लिम युवतियों का नकाब भी उतार दिया। हालांकि, पुलिस ने दोनों अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि हिंदू युवक के साथ मारपीट करने के बाद आरोपी युवकों ने मुस्लिम युवतियां से उनके पिता का नाम पूछा। इस दौरान युवतियों का नकाब उतार कर उनसे कहा कि "हिंदुओ को दोस्त बनाओगी तुम"। ऐसा कहा जा रहा है कि आरोपी अज्ञात युवक मुस्लिम समुदाय



के हैं। इस बदसलूकी का दो-तीन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं।

### हिंदू लड़के को पीटा

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि अज्ञात युवक हिंदू लड़के के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। युवक की कॉलर पकड़ कर उसे मार्केट में घूमा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पीड़ित युवक के सिर में हल्की चोटें आई हैं। वीडियो में दिख रहा है कि मुस्लिम युवतियों के नकाब उतारे जा रहे हैं। इस दौरान युवतियां आरोपी से कहते हुए दिखाई दे रही हैं कि वो (लड़का) उनका दोस्त है, इस पर वो बोलते हैं कि "कैसा दोस्त है, हिंदुओ को दोस्त बनाओगी तुम"? वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है।

### पुलिस ने दर्ज किया केस

जानकारी के मुताबिक, पूरी घटना मेरठ के कोतवाली थाना क्षेत्र के भगत सिंह मार्केट की है। वहीं, वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपियों को पहचानने में जुटी है। सीओ कोतवाली अमित राय के मुताबिक, दोनों मुस्लिम युवती और उनके साथ घूम रहा युवक नाबिलग नहीं हैं। तीनों बालिग हैं। इसलिए वह अपनी इच्छा अनुसार कहीं भी घूम सकते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, जल्द ही वे जेल की सलाखों के पीछे होंगे।

## सेवा भारती ने वृद्धजनों में बांटी जरूरत की वस्तुएं



लोकमित्र ब्यूरो

**गोंडा।** आर.एस.एस. के आनुषांगिक संगठन सेवा भारती, गोंडा के तत्वावधान में मातृ दिवस के अवसर पर वृद्धजन आश्रम गोंडा में स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया। इसके साथ ही वृद्धजनों को उनकी आवश्यकतानुसार वाकर, छड़ी, नी कैप, चश्मे तथा सभी की आवश्यकता के वस्त्रों का वितरण किया गया। यह जानकारी देते हुए सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. ओंकार पाठक ने बताया कि इस आयोजन में रिलायंस के इंजीनियर प्रवीण सिंह, अनिल मित्तल, संजय मनीरामका, डॉ. ए पी सिंह के अतिरिक्त मारवाड़ी युवा मंच के महिला शाखा की नीतू गर्ग, नीलम जैन, प्रेमलता सिंघल, पुष्पा अग्रवाल, सरोज गर्ग, सरोज अग्रवाल, भावना सोमानी, सविता अग्रवाल का योगदान सराहनीय रहा। इन लोगों ने अपने घरों से विभिन्न प्रकार के पकवान, आइस कैंडी तथा वस्त्रादि लेजाकर वृद्धजनों को वितरित किया। इस मौके पर विभाग संघचालक राम प्रकाश गुप्ता जी, जिला संघचालक श्रीमान सिंह जी, संगठन मंत्री सेवा भारती आनंद जी, जिला प्रचारक आकाश जी, हेमंत कुमार, एसएन सिंह, डॉ आर एस राठौड़,कुसुम राठौर, डॉ आरपी सिंह, विवेक शरण, योगेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. पाठक ने यह भी बताया कि कुछ वृद्धजनों के दांत बनवाए जाने हैं जिसके परीक्षण का कार्य चल रहा है। शीघ्र ही उन्हें दांत उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

## हिंदू लड़कियों को फंसाना, धर्म बदलवाकर निकाह करना, बच्चे पैदा करके छोड़ देना, सिर्फ यही मिशन

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में लव जिहाद का एक खौफनाक मामला सामने आया है। यहां जिहादी राजा पहले हिंदू लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फंसाता है। इसके बाद निकाह करने का ऑफर देता है। मना करने पर बंधक बनाकर जबरन निकाह करता है। इसके बाद बच्चे पैदा करके तलाक, तलाक, तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर लेता है। यह कहना है 2017 में उसके साथ शादी करने वाली एक युवती का। अब राजा ने उसे भी तलाक दे दिया है।

मामला रकाबगंज थाना क्षेत्र का है। यहां एक महिला ने तहरीर दी। बताया कि वर्ष 2017 में उसके फोन पर एक नंबर से मिस कॉल आई। फोन करने पर सामने बात कर रहे युवक ने अपना नाम राजा बताया। पहचान न होने के कारण मैंने फोन काट दिया। इसके बाद राजा लगातार फोन करने लगा। उसने मेरे परिवार




की कई पहचान ढूंढ ली। उसका हवाला देकर बात करने लगा। वह खुद को हमेशा हिंदू बताता और उसके साथ दोस्ती करने को कहा।

बताया कि पहले तो उसने मना किया लेकिन राजा उसके परिवार के बारे में जानकारी लेकर उसे जानने का हवाला देकर उसे दोस्ती के लिए राजी कर लिया। इसके बाद एक दिन उसने अपने घर वालों से मिलने के लिए बालूगंज स्थित अपने घर बुलाया। बताया कि जब वह उसके परिवार से मिलने उसके घर गई तो उसके होश उड़ गए। वहां पहुंचने पर उसे जानकारी हुई कि राजा हिंदू नहीं बल्कि गैर समुदाय का है।

### लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा

बताया कि जानकारी होने पर उसने विरोध किया और वहीं से जाने लगी। इस पर राजा व परिवार वालों ने उसे बंधक बना लिया। इसके बाद एक मौलवी को घर बुलाया। जबरन धर्म परिवर्तन कराया निकाह किया। निकाहनामे पर भी जबरन दस्तखत करा लिए। इसके बाद लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। घर में नौकरानी समझकर काम कराता। थकान या बीमार होने पर भी प्रताड़ित करता। राजा और घर वाले धर्म को लेकर आए दिन ताने मारते।

### लव जिहाद के मिशन पर है राजा

बताया कि बिना मेरी इच्छा के मुझ पर बच्चा पैदा करने का दबाव बनाया। जबरन उसने बच्चा भी पैदा कराया। पीड़िता ने बताया कि घर में काम करते समय एक दिन कुछ सबूत मिले। इससे पता चला कि राजा खान इससे पहले भी कई लड़कियों के साथ निकाह करके उन्हें छोड़ चुका है। कई लड़कियों की जिंदगी खराब कर चुका है। राजा प्रेम के नहीं बल्कि लव जिहाद के मिशन पर है। पीड़िता ने जब इस बारे में राजा से बात की तो पूरे परिवार ने उसे बुरी तरह पीटा। इसके बाद तलाक बोलकर बच्चे सहित घर से निकाल दिया।

### मुकदमा हुआ दर्ज

धोखा मिलने के बाद पीड़िता ने हिम्मत करके रकाबगंज थाने में तहरीर दी। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यहां उसकी कोई सुनवाई नहीं की गई। इस पर उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर रकाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कटहल तोड़ने के विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो आरोपी गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के दरियापुर हरदो पट्टी गांव में शनिवार को कटहल तोड़ने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने परिजन की तहरीर पर मारपीट में शामिल चार लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

थाना इटियाथोक के अपराध निरीक्षक रामप्रकाश के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक शनिवार को थाना क्षेत्र के दरियापुर हरदो पट्टी गांव ने कटहल तोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई इस दौरान 65 वर्षीय परशुराम गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें परिजनों ने आनन-फानन में 108 एंबुलेंस से ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में परिजन की तहरीर पर दरियापुर हरदो पट्टी निवासी अनिल कुमार, ननके,रिंकू मोनू,दद्दन व विनय के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना इटियाथोक क्षेत्र के अंतर्गत कटहल तोड़ने के विवाद में हुई जमकर मारपीट में एक वृद्ध की मृत्यु के संबंध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# भाई ने डांटा तो भतीजे को मार डाला: 17 साल के चाचा ने भतीजे को अगवा किया, ब्लेड से गला रेता

लोकमित्र ब्यूरो

**बिजनौर।** बिजनौर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां बड़े भाई की डांट से नाराज चाचा ने भतीजे की हत्या कर दी। आरोपी चाचा की उम्र 17 साल है, जबकि भतीजे हमजा की उम्र 7 साल थी। आरोपी चाचा अपने एक दोस्त के साथ घर के बाहर खेल रहे भतीजे हमजा को उठा ले गया। जंगल ले जाकर ब्लेड से उसका गला रेता और झाड़ियों में शव फेंककर आ गया। फिलहाल, पुलिस ने नाबालिग आरोपी चाचा को हिरासत में ले लिया है। जिस दोस्त के साथ मिलकर उसने वारदात को अंजाम दिया। वह भी नाबालिग है। उसकी तलाश की जा रही है।



भागूवाला गांव के रहने वाले इरफान देहरादून में पेंटिंग का काम करते हैं। उनका परिवार यहीं गांव में रहता है। तीन बेटियों के बाद हमजा था, उससे छोटा एक और भाई है। हमजा शुक्रवार दोपहर घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया। काफी देर तक जब हमजा का कुछ पता नहीं चला, तो उसकी तलाश शुरू की गई। लेकिन, उसका कहीं पर पता नहीं चला। रातभर तलाश के बाद शनिवार सुबह परिवार ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गांववालों से पूछताछ की। लेकिन, बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला।

इसी बीच पुलिस को पूछताछ में यह पता चला कि बच्चे को आखिरी बार पड़ोस में रहने वाले चाचा के साथ देखा गया था। इस आधार पर पुलिस ने आरोपी चाचा से पूछताछ की। शुरुआत में तो वह जानकारी नहीं होने की बात कहता रहा। लेकिन, जब पुलिस ने सख्ती की तो वह टूट गया। उसने अपना जुर्म कबूल लिया। बताया कि वारदात में उसका एक साथी भी शामिल था।

आरोपी चाचा की निशानदेही पर पुलिस ने घर से 4 किमी. दूर जंगल से शव बरामद कर लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मौके से खून से सना एक ब्लेड भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की चौंकाने वाली वजह बताई।

### बिस्किट दिलाने के बहाने हमजा को ले गया

आरोपी ने बताया, शुक्रवार शाम जब इरफान घर पर नहीं था। तब मैंने घर के बाहर खेल रहे हमजा को बिस्किट दिलाने की बात कहकर ले गया था। फिर बाइक से उसे घर से दूर खेत में ले गया। वहां ब्लेड से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद अपने घर आ गया। किसी को शक न हो इसलिए, वह खुद भी हमजा के परिवार के साथ उसकी तलाश में लगा रहा।

### इरफान ने हमजा को लिया था गोद

पुलिस ने बताया कि इरफान की 17 साल पहले शादी हुई थी। उसके 3 बेटियां थीं। बेटा नहीं था, इसलिए उसने गांव के ही एक व्यक्ति से हमजा को गोद लिया था। हालांकि, उसके बाद इरफान को एक बेटा हुआ था।

**भाई ने बेइज्जत किया था, इसलिए बेटे को मार डाला**

आरोपी ने पूछताछ में बताया, मैं कुछ दिन पहले भाई इरफान के पास काम की तलाश में देहरादून गया था। वहां इरफान से मेरा झगड़ा हो गया था। उसने सबके सामने मुझे डांट दिया था। घर से भगा दिया था। इसी बेइज्जती का बदला लेने के लिए मैंने उसके बेटे की हत्या कर दी। गांव में इरफान और आरोपी का घर अगल-बगल है। आरोपी इरफान का चचेरा भाई है।

## गैर इरादतन हत्या करने के 2 आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** बीते माह 13 अप्रैल को आवेदिका आन्ता देवी पत्नी कंधाई लाल चौहान निवासिनी दरियापुर हरदौपट्टी थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा ने थाना इटियाथोक पर लिखित तहरीर दी कि प्रार्थी के ससुर परशुराम पुत्र जयजयराम उम्र करीब 65 वर्ष द्वारा प्रार्थिनी के खेत में लगा कटहल के पेड़ से विपक्षीगण को कटहल तोड़ने से मना करने पर, प्रार्थनी के ससुर को गाली गुप्ता देते हुए लाठी, डण्डा से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिए है तथा जान से मार डालने की धमकी देते हुए गाड़ी का शीशा तोड़ दिए है।

प्रार्थिनी के ससुर को ईलाज हेतु एम्बुलेन्स द्वारा जिला चिकित्सालय गोण्डा भेजा गया जहां ईलाज के दौरान परशुराम की मृत्यु हो गई । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना इटियाथोक में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। सूचना को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा आरोपी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक को निर्देशित किया गया




था। उक्त निर्देश के क्रम में थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर घटना कारित करने वाले 2 आरोपी अभियुक्तों-1. अनिल कुमार पुत्र शेषराम निवासी दरियापुर हरदोपट्टी थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा एवं 2. अरुण उर्फ दद्दन पुत्र शेषनरायन दूबे निवासी दरियापुर हरदोपट्टी थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारकर्ता टीम मे निरीक्षक अपराध रामप्रकाश यादव मय टीम थाना इटियाथोक पुलिस शामिल रही।

# साल दर साल बढ़ता गया योगी पर यकीन: पिछली बार 14, इस बार 17 नगर निगमों में भाजपा का महापौर

नागेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** यूपी के 25 करोड़ जनमानस का यकीन योगी पर साल दर साल बढ़ता जा रहा है। 2017 में योगी के सत्ता संभालने के बाद से ही आमजन ने सूर्य की भांति योगी आदित्यनाथ के चमकने में भरपूर योगदान दिया। विधानसभा चुनाव हों, लोकसभा चुनाव हों या उपचुनाव, हर जगह भाजपा का पलड़ा भारी रहा। यह क्रम नगर निकाय चुनाव 2023 में भी जारी रहा। 2017 के मुकाबले 2023 में योगी आदित्यनाथ के विकास, कानून व्यवस्था व शहरी व्यवस्था के दृष्टिगत नगर निगम, नगर पंचायत व नगर पालिका में कमल ने कमाल कर दिया। वहीं समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी का ग्राफ इतना गिरा कि पिछली बार जीती सीटों को भी बरकरार नहीं रख पाई।



योगी आदित्यनाथ के कार्य व चुनाव प्रचार की बदौलत इस बार नगर निगम में महापौर की सभी 17 सीटों पर कमल खिला, जबकि 2017 में 16 में से 14 पर ही भाजपा को जीत मिली थी। नगर निगम में पार्षदों की संख्या पर नजर डालें तो इस बार भारतीय जनता पार्टी के 1420 में से 813 जनप्रतिनिधि कमल खिलाने में सफल रहे। पिछली बार यह आंकड़ा 596 का था। शहरों में भाजपा की यह जीत योगी के विकास पर आमजन की मुहर है।

### नगर पालिका के 88 अध्यक्ष और 1353 सदस्य भाजपा के

नगर पालिका में भी योगी का जादू खूब चला। योगी आदित्यनाथ ने नगर पालिका प्रत्याशियों के पक्ष में भी जनसभा कर वोट देने की अपील की। जनता ने इस अपील को न सिर्फ माना, बल्कि कई जगहों पर कमल के वोट प्रतिशत में भी खूब इजाफा किया। नगर पालिका परिषद के 60 अध्यक्ष पद पर 2017 में भाजपा को जीत मिली थी। 199 सीटों में से यह आंकड़ा इस बार बढ़कर 88 पहुंच गया। वहीं पालिका परिषद सदस्यों में पिछली बार भाजपा को 923 सीट मिली थी। 2023 में यह संख्या बढ़कर 1353 हो गई।

### नगर पंचायतों में भी शतक से आगे पहुंची भाजपा

नगर पंचायतों में भी भाजपा ने परचम लहराया। 544में से 191 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रतिनिधि काबिज हुए। 2017 में यह आंकड़ा सिर्फ 100 का था। यानी योगी के विकास की बदौलत न सिर्फ 91 और सीटें भाजपा की झोली में आईं, बल्कि वोट प्रतिशत में इजाफा भी खूब हुआ। भाजपा के नगर पंचायत सदस्यों की संख्या भी 664 से बढ़कर 1403 हो गई।

### सपा की साइकिल पंचर, बसपा का हाथी भी सुस्त

नगर निगम, पंचायत व पालिका में सपा की साइकिल पंचर हो गई तो बसपा का हाथी भी गिर गया। 2017 की अपेक्षा इस चुनाव में इन दोनों प्रमुख विपक्षी दलों का हाल बहुत बुरा रहा। नगर निगम में सपा महापौर की रेस में शून्य पर ही रही। पार्षद 202 से घटकर 191 पर आ गए। नगर पालिका परिषद अध्यक्षों की संख्या भी 45 से घटकर 35 हो गई। 2017 में सपा सदस्यों की संख्या 477 थी, वह 2023 में 423 हो गई। 2017 में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर सपा को 83 सीटों पर जीत मिली थी, 2023 में 78 पर सपा सिमट गई। बहुजन समाज पार्टी के दो महापौर 2017 में चुने गए थे। इस बार उनका खाता भी नहीं खुला। पार्षद 147 से घटकर 85 हो गए। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बसपा के 29 से 16 हो गए। पालिका परिषद सदस्यों की संख्या 262 से 191 हो गई। नगर पंचायत अध्यक्ष भी 45 से घटकर 37 और सदस्य 218 से घटकर 215 हो गए।

## वर्तमान महापौर ने की पूर्व से भेंट, की चर्चा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी की नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल के विजयी होते ही भाजपा के पदाधिकारियों,कार्यकार्ताओं,व्यापरियों और उनके सगे सम्बंधियों द्वारा लगातार उन्हें जीत की बधाई देना का सिलसिला शनिवार मतगणना पूरी होने के बाद से शुरू हो गया। इसके पश्चात भाजपा मुख्यालय पर जीत का जश्न मनाने के बाद अब लोग सुषमा खर्कवाल के आवास पर पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दे रहे। इसी कड़ी में रविवार को नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वयं लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया से उनके आवास पहुंचकर भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सुषमा खर्कवाल ने संयुक्ता भाटिया से लखनऊ की तमाम जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की और उनके समाधान के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह उनके अधूरे कार्यों को ही आगे बढ़ाएगी। इसके पश्चात संयुक्ता भाटिया ने नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

## निकाय चुनाव में चली बदलाव की बयार, जनता ने चलाई झाड़ू : संजय सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी का कारवां दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पूरे देश में बढ़ रहा है। हिंदुस्तान का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश,वहां जब भी आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ती थी तो जनता का भारी समर्थन नहीं मिलता था। लेकिन इस बार नगर निकाय चुनाव का नतीजा आया है,वह बहुत ही उत्साहजनक,अच्छा और एक शानदार एंट्री उत्तर प्रदेश में आप की हुई है। जनता ने बदलाव की राजनीति को वोट देने का श्रीगणेश किया और इस बार झाड़ू चलाई है। पूरे चुनाव में हमने जनता को अपने काम बतायें और दिल्ली मॉडल की चर्चा करी। उक्त बातें आप सांसद संजय सिंह ने पार्टी कार्यालय पर आयोजित पत्रकारवार्ता में कहीं। आगे उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, तीर्थ यात्रा जैसे इन सभी मुद्दों पर चर्चा की। भगवंत मान की सरकार ने पंजाब में जो काम किया है उसकी चर्चा की। सांप्रदायिकता नहीं,नफरत नहीं, कोई जाति-धर्म की राजनीति नहीं, सिर्फ काम की राजनीति। नगर पालिका को हम कैसे बेहतर कर सकते हैं, उसके बारे में बातचीत की। प्रदेश में नगर पालिकाओं की क्या ताकत होती है सभी जानते हैं। वहां पार्षद या सभासदों के जरिए नगर पालिका के चेयरमैन नहीं चुने जाते हैं। नगर पालिका का चेयरमैन सीधे जनता के द्वारा चुना जाता है,इसलिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होता है। रामपुर जो लगभग 4 लाख की नगर पालिका परिषद है, वहां पर आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी सना 12000 वोटों से चुनाव जीती हैं। रामपुर में कैमरी की सीट से रफत जहां 6000 वोटों से जीती हैं। कौशांबी सराय अकील, जो केशव प्रसाद मौर्य यानी कि उप मुख्यमंत्री का क्षेत्र है, वहां पर अनूप सिंह पटेल चुनाव जीते हैं।वहीं,अलीगढ़ में 2000 अधिक वोटों से संजय शर्मा जीते हैं। बरसाना से विजय सिंह, महिला प्रत्याशी वहां से जीती हैं। बिजनौर के स्योहारा नगर पालिका परिषद से फैसल वारसी जीते हैं। मुजफ्फरनगर के शाहपुर की सीट से अकरम कुरैशी चुनाव जीते हैं। अमरोहा की जोया नगर पंचायत से आप के प्रत्याशी जुबैर अहमद विजयी हुए। मुरादाबाद जनपद की पाकबडा नगर पंचायत से मोहम्मद याकूब जीते हैं। इस तरीके से बहुत सारी सीटों पर हमने चेयरमैन का चुनाव जीता है। मुगलसराय में सोनू किन्नर नाम की एक हमारी समर्थित उम्मीदवार चुनाव जीती हैं। कई नगर पंचायतों में हमारे समर्थित उम्मीदवार जीते हैं। हमने सभासदों और पार्षदों के चुनाव में 100 का आंकड़ा छुआ। उत्तर प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में चेयरमैन और सभासद के चुनाव जीतना, इस बात को दशार्ता है।

## घर में घुसकर चाचा ने युवती के साथ की छेड़छाड़

**लखनऊ।** राजधानी के नाका कोतवाली क्षेत्र में एक एक युवती ने अपने चाचा पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है कि उसके चाचा ने घर में घुसकर पहले उसके पिता को पीटा फिर उसके साथ छेड़छाड़ किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मौलवी गंज निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता काफी दिनों से बीमार चल रहे है। बीती रात वह अपने पिता के साथ बैठी थी तभी उसके चाचा फिराजुल हसन आ धमके। इसके बाद उसके पिता को पीटना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो उनके साथ भी छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर जब पड़ोसी दौड़े तब उसका चाचा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दिया है।

## परिषद ने आंदोलन की तैयारियों को ले की वर्चुअल समीझा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी आंदोलन की तैयारियों को लेकर रविवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने गूगल मीट पर समीझा बैठक आयोजित की। परिषद अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 मई को जिला स्तर पर आंदोलन करने की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सभी ने सकारात्मक सहमति व्यक्त करते हुए जनपद स्तर पर आंदोलन करने में सहमति जताई। वहीं बैठक की अध्यक्षता सुरेश रावत और इप्सेफ के अध्यक्ष वीपी मिश्र भी उपस्थित की गयी। जिसमें सभी जनपदों आंदोलन को मजबूत ढंग से करने के लिए रणनीति तय की गयी। वहीं महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि बैठक में जनपदीय अध्यक्ष, मंत्री, मंडलीय अध्यक्ष, विभिन्न संघों के प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे । इप्सेफ के अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने बताया की प्रदेश के विभिन्न राज्यों में 18 मई का कार्यक्रम सभी जनपदों में किया जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से पुरानी पेंशन बहाली ,निजीकरण व ठेकेदारी प्रथा रोकने ,राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन मुद्दा रखा गया है वही प्रदेश में उक्त मांगो के साथ मोर्चे द्वारा 12 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है । उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाएगा । मांगो की पूर्ति के लिए 18 मई को सभी जनपदों में धरना देने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के अध्यक्ष,मंत्री एवं परिषद के संबंध घटक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ,रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद,माध्यमिक शिक्षक संघ, फार्मेसिस्ट फेडरेशन, एवं विकास प्राधिकरण कर्मचारी, एक्स रे टेक्निशियन आप्टोमेट्रिस्ट संघ, संविदा फार्मासिस्ट एसोसिएशन यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन ने आंदोलन में शरीक होने के बात कही । संगठनो के अध्यक्ष,महामंत्री ने बताया कि जनपद के कर्मचारियों से अपील किया जा चुका है। परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत, गिरीश मिश्र एवं महामंत्री अतुल मिश्रा, चेयरमैन संघर्ष समिति व डीपीए के अध्यक्ष संदीप बडोला महामंत्री उमेश मिश्रा,प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव, धनंजय तिवारी,कुशवाहा,दिलीप कुमार यादव,महासचिव आशीष पांडेय,राम नरेश यादव ,अशोक कुमार, जीएम सिंह,अनुराग मिश्र, बीके सिंह ,अशोक कुमार गौतम ,अभय पांडेय, प्रदीप त्यागी ,अवधेश मिश्रा ,आदेश,प्रवीण यादव,आनंद मिश्र, नीरज चतुवेर्दी, योगेश उपाध्याय, अनिल कुमार,अनुज श्रीवास्तव सहित प्रदेश के मंडलीय अध्यक्ष ,मंत्री जिÞला अध्यक्ष मंत्रियों अपने अपने सुझाव व्यक्त किये।

### भाजपा ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया: रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने रालोद के बैनर तले जीतने वाले सभी नगर पालिका अध्यक्ष,नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी ने जहां उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी जिजीविषा का परिचय दिया। वहीं, निकाय चुनावों में भी प्रदेश की जनता को इस बात का विश्वास दिलाया है,कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अगर कोई राजनीतिक दल खड़ा हो सकता है तो वह रालोद है। जहां एक ओर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा अपनी प्रशासनिक मशीनरी और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करके निकायों में काबिज हुई है। वहीं, दूसरी तरफ रालोद जनता के प्यार एवं विश्वास रूपी आधार पर विपक्ष में रहते हुए भी अपने प्रत्याशियों को भारी संख्या में निकायों में पहुंचाने में सफल रही। इससे स्पष्ट है कि आगामी लोकसभा-2024 चुनाव में रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है।

## मुख्तार के चार करीबियों की संपत्ति भी जब्त करेगा ईडी, मनी लांड्रिंग केस में सामने आए चार के नाम

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी जितेंद्र सापरा और गणेश दत्त मिश्रा की तरह चार अन्य लोग भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रडार पर आ चुके हैं। मुख्तार की पत्नी अफशा अंसारी के स्वामित्व वाली कंपनी विकास कंस्ट्रक्शन से जुड़े रविंद्र नरायन सिंह, जाकिर हुसैन, विक्रम अग्रहरि और शादाब अहमद की चल-अचल संपत्तियों को ईडी मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत चिन्हित कर जब्त करने की कवायद में जुटी है।

दरअसल, ईडी की जांच में सामने आया है कि मुख्तार की काली कमाई को विकास कंस्ट्रक्शन के बैंक खाते में जमा किया जा रहा था। बैंक में नगदी जमा करने के बाद उसे तुरंत निकाल कर संपत्तियों को खरीदा जाता था। इतना ही नहीं, जांच एजेंसियों को चकमा देने के लिए विकास कंस्ट्रक्शन में जमा रकम को मुख्तार के ससुर जमशेद राना के स्वामित्व वाली कंपनी आगाज प्रोजेक्ट एंड इंजीनियरिंग के खाते में ट्रांसफर किया जाता था।

बाद में ये रकम दोबारा विकास कंस्ट्रक्शन के खाते में भेज दी जाती थी। इस रकम से मऊ, गाजीपुर, जालौन, दिल्ली, लखनऊ में 23 संपत्तियां खरीदी गई। जांच में ये भी पता चला है कि इनमें से अधिकतर संपत्तियों को मुख्तार ने अपना खौफ दिखाकर बाजार भाव से आधी से कम कीमत में खरीदा था।

ईडी की जांच में सामने आया है कि गणेश दत्त मिश्रा ने गाजीपुर में जिन दो संपत्तियों को खरीदा था, उसके पास इसके लिए पर्याप्त रकम नहीं थी। इन संपत्तियों को 1.29 करोड़ में खरीदा गया, हालांकि इसके भुगतान के प्रमाण जांच एजेंसी को नहीं मिले।

## मरीजों के तीमारदारों को किया गया भोजन वितरित, लॉयन्स क्लब लखनऊ आकांक्षा गोल्ड की सराहनीय पहल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** किसी खास दिन या त्योहार पर भोजन का दान या वितरण करने वाले बहुत हैं, मगर रोजाना जरूरतमंदों को खाना खिलाने वाले बहुत कम लोग होते हैं... भारत में सरकारी अस्पतालों में कैंटीन की व्यवस्था भी उत्तम कम ही देखने को मिलती है ...ऐसे में मरीजों के तीमारदार अक्सर भूखें रह जाते हैं , भोजन की व्यवस्था करना उनके लिए मुश्किल हो जाता है ।।मगर समाजसेवा में अग्रिम भूमिका निभाने वाली संस्था लॉयन्स कल्ब लगातार समाजसेवा और जनहित का काऱ्य करती रहती है। लखनऊ में लॉयन्स क्लब लखनऊ आकांक्षा गोल्ड ने 13 मई दिन शनिवार को मेडिकल कॉलेज मे ईश्वर चाइल्ड वेलफेयर फाउंडेशन के साथ मिलकर कैंसर बीमारी से जूझ रहे बच्चो के परिजनों को पका हुआ भोजन वितरित करने का सराहनीय कार्य किया।



बता दें कि ये कल्ब 'फ़ूड फॉर हंगर' कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य करता है , जिसकी कड़ी में ही भोजन की सेवा की गई और सैकड़ो जर्रूरतमंद लोग लाभान्वित हुए। 'फ़ूड फॉर हंगर' कार्यक्रम भोजन जो जन जन तक पहुंचाने के लिए एक सरहानीय पहल के तौर पर शुरू किया गया है फ़ूड फॉर हंगर कार्यक्रम के अंतर्गत VDG 1 लायन मुकेश जैन, SVDG लायन डॉ आर सी मिश्रा , वरिष्ठ लायन राकेश सिंघल , लायन मृदुला जायसवाल, लायन मनोहर श्यामश्रीवास्तव (एडमिन), अध्यक्ष लायन पवनशर्मा, कोषाध्यक्ष लायन विशाल मिश्रा, सचिव आनन्द अरुणेश समेत लायन्स कल्ब के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### वर्तमान महापौर ने की पूर्व से भेंट, की चर्चा

**लखनऊ।** राजधानी की नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल के विजयी होते ही भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकार्ताओं, व्यापरियों और उनके सगे सम्बंधियों द्वारा लगातार उन्हें जीत की बधाई देना का सिलसिला शनिवार मतगणना पूरी होने के बाद से शुरू हो गया। इसके पश्चात भाजपा मुख्यालय पर जीत का जश्न मनाने के बाद अब लोग सुषमा खर्कवाल के आवास पर पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दे रहे। इसी कड़ी में रविवार को नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वयं लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया से उनके आवास पहुंचकर भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सुषमा खर्कवाल ने संयुक्ता भाटिया से लखनऊ की तमाम जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की और उनके समाधान के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह उनके अधूरे कार्यों को ही आगे बढ़ाएगी। इसके पश्चात संयुक्ता भाटिया ने नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

## मना करने पर भी चुनाव लड़ने वाले भाजपा के बागी हारे, पार्टी से किया गया था निष्कासित

**» पिछले 20 साल से भाजपा के सुरेश चंद्र अवस्थी चुनाव जीत रहे थे**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भाजपा से टिकट कटने से नाराज जिन पार्षदों ने निर्दलीय चुनाव लड़ा, उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। पिछले चुनाव में कई लोग बागी होकर चुनाव लड़े थे और जीते भी थे, लेकिन इस बार जो बागी हुए वह अपनी ही पार्टी के प्रत्याशी से हार गए।

दिलीप श्रीवास्तव मैथिलीशरण गुप्त वार्ड से 2012 में पहली बार और 2017 में दूसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते। इस बार उनका टिकट पार्टी ने काट दिया। इसके बाद भी वह निर्दलीय लड़ गए। उनका कहना था कि विधायक ने उनका टिकट कटवा दिया। ऐसे में वह चुनाव जरूर लड़ेंगे। पार्टी की बात नहीं मानी तो उन्हें छह साल के लिए पार्टी से मतदान से पहले निष्कासित कर दिया गया। परिणाम आए तो वह चुनाव हार गए। महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड से पिछले 20 साल से भाजपा के सुरेश चंद्र अवस्थी चुनाव जीत रहे थे। इस बार उनका टिकट काट दिया। इसको लेकर उन्होंने क्षेत्रीय विधायक पर आरोप लगाया कि उनके कारण टिकट कटा।

टिकट कटने के बाद भी उन्होंने निर्दलीय नामांकन कर दिया और पार्टी के निर्णय के खिलाफ चुनाव लड़े। इनको भी मतदान से ठीक पहले पार्टी ने निकाल दिया, जिसका असर हुआ और सुरेश चुनाव हार गए। फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड से पिछली बार अमित मौर्या पार्षद बने थे। इस बार पार्टी ने उनका टिकट काट दिया। उसके बाद भी उन्होंने अपनी मां को चुनाव लड़ाया, लेकिन वह जीत नहीं पाईं।

# रोडवेज की बसों में सुविधा के साथ सुरक्षा पर भी होगा फोकस

**» घटनाओं को रोकने के लिए विभाग की ओर से शुरू किया गया जागरूकता अभियान**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सुविधायुक्त बनाने के साथ सुरक्षित बनाने के लिए भी प्रयासरत है। सीएम योगी के निर्देश पर परिवहन विभाग की बसों में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर विभाग की ओर से अब जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निर्गम मुख्यालय से सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उच्च प्रबंधन के साथ हुई चर्चा के बाद बसों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए कुछ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए भी कहा गया है। इसके चलते कई जनपदों में जागरूकता अभियान शुरू भी कर दिया गया है।





विभिन्न जनपदों में अधिकारियों द्वारा बसों में आग लगने की घटनाओं के कारणों एवं बचाव के बारे में क्षेत्रों में जाकर कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।

### तय होगी जवाबदेही

जो निर्देश दिए गए हैं, उनमें बस में आग लगने की घटना होने पर क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा सेवा प्रबंधकों को स्वयं मौके पर जाकर बस का निरीक्षण करना होगा। इसके अलावा किसी भी क्षेत्र की बस में तकनीकी कमी के कारण बस में आग लगने की घटना होने की स्थिति में क्षेत्र के सेवा प्रबंधक एवं संबंधित डिपो के सीनियर फोरमैन के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने को भी कहा गया है। सेवा प्रबंधक प्रत्येक डिपो में 20 मई तक स्वयं चालकों एवं परिचालकों को अग्निशमन यंत्र प्रयोग किए जाने का प्रशिक्षण देंगे एवं प्रत्येक डिपो की न्यूनतम 20 बसों का भौतिक निरीक्षण कर आग लगने के रोकथाम से संबंधित बिंदुओं की जांच करेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक डिपो में अभियान चलाकर सेल्फ स्टार्टर से जुड़े हुए बैट्री वायर सही ढंग से लगे होने एवं शार्ट सर्किट की रोकथाम से संबंधित कार्य कराए जाएंगे।

### मेंटेन करना होगा रजिस्टर

दिशा निर्देश में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि 18 मई तक डिपो में एक बसवाइज रजिस्टर मेनटेन किया जाए, जिसमें कुछ मुख्य कार्यवाही का तिथिवार उल्लेख किया जाए। इसके अनुसार प्रत्येक क्वार्टर में कराए गए सर्वे में पाई गई कमियों का विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाए। साथ ही, सेल्फ स्टार्टर की सर्विस किए जाने का विवरण, बैट्री टर्मिनल, बैट्री पावर कट ऑफ स्विच, बैट्री वायर एवं अन्य वायरिंग चेक किए जाने एवं कट पर टेप लगाए जाने का विवरण अंकित हो। इसके अलावा बसों में वांछित स्थानों पर वायर में इनसुलेशन स्लीव लगाए जाने, बसों के डीजल लीकेज रोकने एवं इंजन की पूर्ण सफाई कराने का विवरण और बसों में लगे अग्निशमन यंत्र की वैधता विवरण दर्ज होना चाहिए। रजिस्टर की प्रत्येक एंट्री में इलेक्ट्रीशियन, ग्रुप प्रभारी तथा सीनियर फोरमैन के हस्ताक्षर होंगे। सेवा प्रबंधक माह में एक बार अनिवार्य रूप से रजिस्टर का पूर्ण अवलोकन एवं समीक्षा कर हस्ताक्षर करेंगे।

### कर्मचारियों को दी जा रही ट्रेनिंग

निर्देश मिलने के बाद विभिन्न जनपदों में इसका पालन भी शुरू हो गया है। परिवहन निगम के अधिकारियों द्वारा क्षेत्रों में जाकर कर्मचारियों को इस बाबत ट्रेनिंग दी गई। अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग के अनुसार सेवा प्रबंधकों द्वारा अपने डिपो/कार्यशाला में बसों की तकनीकी चेकिंग कराई गई एवम स्वयं भी चेकिंग की गई। मुख्यतः इंजन से डीजल या मोबिल लीकेज होने से रोकना तथा वायरिंग कहीं से कटी न हो , की चेकिंग की गई तथा बसो की चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही चालकों कोअग्नि शमन यंत्र चलाना भी सिखाया गया। उन्होंने बताया कि यह चेकिंग अभियान आगे भी चलता रहेगा जिससे कि बसों में आग लगने की दुर्घटनाओं को पूर्णतः रोका जा सके एवं यात्रियों को सुरक्षित यात्रा मुहैया कराई जा सके।

## आट्र्स कॉलेज के छात्रावास पर दबंग छात्रों ने किया पथराव

**» सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, पुलिस में दी लिखित शिकायत**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय के रणबीर सिंह बिष्ट छात्रावास पर शनिवार देर रात लविवि के सुभाष हॉस्टल के करीब चार-पांच छात्रों ने पथराव कर दिया, जिससे खिड़कियों के शीशे वगैरह टूट गए। इतना ही नहीं इन दबंग छात्रों ने छात्रावास के गेट को भी तोड़ने का प्रयास किया। वहीं, अंदर मौजूद छात्रों ने जब शोर मचाया और वीडियो बनाने लगे तो दबंगों ने अपने 10-12 साथी छात्रों को फोन करके वहां बुला लिया और गाली-गलौज करते हुए खूब हंगामा काटा। काफी देर तक हंगामा होता देख अन्दर मौजूद छात्रों ने कॉलेज प्रशासन और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस के आने से पहले ही दबंग छात्र वहां से फरार हो गए। वहीं, इस बारे में छात्रावास के प्रोवोस्ट डा. रविकांत पांडेय ने बताया कि वर्तमान में आट्र्स कॉलेज के छात्रावास में एक दर्जन से अधिक छात्र रहकर विभिन्न कोर्सों में शिक्षा हासिल कर रहे हैं। डा.रविकांत के अनुसार शनिवार देर रात करीब 11.30 बजे कुछ युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर छात्रावास के बाहर आए और छात्रों को बाहर निकलने की धमकी देने लगे और ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। जिससे एक छात्र चोटिल होने से बाल-बाल बचा। छात्रों ने पथराव करने वाले युवकों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसके बाद उन्होंने मुझे सूचना दी तो मैंने चीफ प्रोवोस्ट और लविवि पुलिस चौकी प्रभारी को मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुभाष हॉस्टल के ही कुछ छात्र नशे में छात्रावास पहुंचे थे और पथराव कर दिया था। डा.रविकांत ने बताया कि रविवार को पुलिस और प्रॉक्टर ने सुभाष हॉस्टल जाकर उन छात्रों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही कॉलेज प्रशासन द्वारा लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस को दी गई है। वहीं,पुलिस द्वारा मामले की जांच कर दोषी छात्रों पर उचित कानूनी कार्रवाई किये जाने की बात कहीं गई है।



## संक्षेप

### वृद्धा आश्रम में बुजुर्ग माताओं के साथ मनाया मातृ दिवस

गोंडा। रविवार को मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा ने नारी चेतना के अंतर्गत वृद्धा आश्रम जाकर वहां की माताओं के साथ मदर्स डे मनाया। वृद्धा श्रम की बुजुर्ग महिलाओं से केक कटा कर आइसक्रीम वह हलवा से उनका मुंह मीठा किया व उपहार स्वरूप कपड़े,बिस्किट,पोहा ,नमकीन,खाने की सामग्री का वितरण किया।मंच की सदस्या माताओं के साथ मातृ दिवस मनाकर बहुत ही ज्यादा खुशी का अनुभव हुआ। और वहां की माताओं ने सहृदय सभी सदस्यों को अपना आशीर्वाद दिया।और साथ ही साथ और वहां के पुरूष बुजुर्गों को खाने पीने का सामान और गमछा देकर उनका सम्मान किया गया।इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा की अध्यक्ष नीतू गर्ग ,सरोज अग्रवाल,पूनम मित्तल,प्रेमलता सिंघल ,सरिता महेश्वरी , अनामिका बंसल, राधा पचेरिया, दर्शिका अग्रवाल, सिंपल नहारिया , सुप्रिया सिंघल, सुधा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, पुष्पा सिंघल सहित कई लोग मौजूद रही।
फोटो 14एफबीडी–2 खबर के अंदर बॉक्स में लगाएं।

### डॉ.आर एन सिंह 'एन्टी करप्शन अवार्ड से हुए अलंकृत

फरीदाबाद। यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह को शैक्षणिक, समाजिक एवं पर्यावरणीय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान तथा भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण हेतु सतत समर्पित सेवाओं के लिए 'एन्टी करप्शन अवार्ड से अलंकृत किया गया। डॉ.आर एन सिंह को यह सम्मान भगवान गौतम बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में आयोजित राष्ट्रीय सम्मलेन सह सम्मान समारोह में वरिष्ठ आई पी एस, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय शिमला, जय प्रकाश सिंह, कुशीनगर विधायक पी एन पाठक तथा एन्टी करप्शन ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदम्बा सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से सैकड़ो गणमान्य महानुभाव उपस्थित हुए।

### उपचार के दौरान युवक की मौत

फिरोजाबाद। जिला अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शव पोस्टमार्टम को विच्छेदन गृह में रखवाया गया। थाना टूंडला के राजा का ताल निवासी विजय सिंह पुत्र प्रेम सिंह बीमारी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसका उपचार चल रहा था वह 1 महीने से सघन वार्ड में भर्ती थे। उपचार के दौरान शनिवार की रात उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के समय परिवार का कोई भी सदस्य वहां मौजूद नहीं था। काफी देर तक इंतजार के बाद चिकित्सा कर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए विच्छेदन गृह में रखवा दिया। और सूचना पुलिस को भेजी है।

### एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकरा ट्रक पलटा, चालक की मौत क्लीनर घायल

फिरोजाबाद। थाना मटसेना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तेज गति से आचार ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। क्लीनर घायल हो गया। मौके पर पहुंच पुलिस शव को पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल लेकर आई। लखनऊ–एक्सप्रेस वे पर शनिवार की रात को मौरंग से लदा एक ट्रक लखनऊ की तरफ जा रहा था। तेज गति से ज्यादा ट्रक अचानक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गया। डिवाइडर से टकराकर ट्रक पलट गया। हादसे मे ट्रक चालक लखविंदर (50) निवासी गोटा गोकुली जिला भरतपुर राजस्थान की दबकर मौत हो गई। वही क्लीनर सपनदीप घायल हो गया। हादसे के बाद वहां काफी लोग एकत्रित हुए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। क्लीनर को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। मृतक के परिवारी जनों को घटना के बारे में बताया गया है। पुलिस का कहना है संभवत है चालक को नींद आने के कारण हादसा हुआ।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

फिरोजाबाद। थाना खैरगढ़ क्षेत्र में महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह गर्भवती थी। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है। नगला घनश्याम निवासी सृष्टि और सरस्वती 20 वर्ष पत्नी शीलम गर्भवती थी। उसकी शनिवार की शाम अचानक तबीयत खराब हो गई। परिवारी जन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए। उपचार के दौरान हालत में सुधार होने पर परिवारी जनों से वापस घर ले गए। परिवारी जनों की माने तो देर रात पुन: उसकी तबीयत खराब हो गई। परिवारी जन देर रात उसे दोबारा अस्पताल लेकर आए। चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध देख स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। पता चलते ही उसके मायके वाले भी अस्पताल पहुंचे। उसका मायका अंगद पुर थाना मक्खनपुर में है। मायके वालों ने बताया सृष्टि की शादी 1 वर्ष पूर्व हुई हुई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है मामले की तहकीकात की जा रही है।

### चोरी की मोपेड व मोबाइल सहित तीन गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की एक मोपेड मिली है। वहीं पुलिस ने चोरी के मोबाइल सहित एक युवक को पकड़ा है। थाना रसूलपुर के ओपन निरीक्षक धीरेंद्र सिंह व सुनील कुमार सिपाही गौरव सारस्वत तथा योगेश कुमार फतेहाबाद रोड पर चैकिग कर रहे थे। उसी दौरान टीवीएस पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उनको रोकने का इशारा किया। पुलिस को देख दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के नाम कन्हैयालाल पुत्र सुरेश चंद्र तथा संजय उर्फ बंटू पुत्र सुरेश चंद्र बताए है। दोनो नई आबादी रहना के रहने वाले हैं। वही रसूलपुर पुलिस ने ही अल्ताफ पुत्र मुन्ने को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस उनके बारे में अन्य जानकारियां जुटा रही है।

### मातृ दिवस पर माताओं का किया सम्मान

फिरोजाबाद। शिव पैलेस चंदवार गेट पर श्री नारायण दिव्यांग सेवा समिति के तत्वधान में मातृ दिवस मनाया गया मुख्य अतिथि विधायक मनीष असीजा रहे वरिष्ठ अतिथि में सत्यवीर गुप्ता अनुपम शर्मा रहे समिति ने 16 मांओं का सोल भेंट कर तिलक कर आरती की मिष्ठान देकर उनका सम्मान समारोह किया समिति के पदाधिकारियों ने चरण स्पर्श किया और आशीर्वाद लिया साथी साथ उन माओं को सम्मान पत्र देकर सम्मान किया प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा मां से बड़ा कोई नहीं है मां मां ममता की वह मूरत है।

# कर्नाटक में जनता ने दिया भाजपा की नीति और नीयत का जवाब: कौशिक

**लोकमित्र ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचण्ड जीत से उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के सेक्टर-9 स्थित कार्यालय में लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान हनुमान की वेशभूषा धारण किए कलाकार का भी पूर्व विधायक आनंद कौशिक व कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने मुंह मीठा कराया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश देखते ही बनता था और उन्होंने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया-राहुल-प्रियंका गांधी जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद कौशिक व बलजीत कौशिक ने कहा कि कर्नाटक में भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी पर जनता की जीत हुई है क्योंकि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो देश में बदलाव की अलख जगाई थी, उसके परिणाम अब आने लगे है और अभी तो यह शुरूआत, आने वाले समय में हरियाणा सहित देश के अन्य प्रदेशों में भी कांग्रेस विजयी परचम लहराएगी। श्री कौशिक ने कहा कि भाजपाईयों ने बजरंगी बली का नाम लेकर वहां लोगों को गुमराह करने का काम किया , लेकिन बजरंगी बली ने भाजपा की नीयत और नीति का जवाब उन्हें हार के रूप में दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आठ सालों विकास करने के बाद देश व प्रदेश विकास करने के बजाए विनाश किया है और जनता यह भली भांति जान चुकी है इसलिए उन्होंने दक्षिण भारत से भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इस मौके पर एचपीसीसी के विचार विभाग के चेयरमैन विनोद कौशिक ने भी कर्नाटक की जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इस जीत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक नए जोश का संचार हुआ है और यह तो ट्रेलर है, पूरी फिल्म तो 2024 में दिखेगी, जब भाजपा देश से सत्ता से बाहर होगी। इस अवसर पर डा. सौरभ शर्मा प्रेसीडेंट एआईपीसी, बलबीर सिंह, अशोक कुमार यादव, भगवान शर्मा, हरीदत्त शर्मा, जगत सिंह, रंधावा फागना, महेश बैंसला, दानिस अली, नरेश कुमार, जवाहर ठाकुर, सरला भामौत्रा, आकाश शर्मा, अजय शर्मा, अवध किशोर, लाडो देवी, पम्मी, लक्ष्मी, जमुना देवी, आशा रानी, हरिलाल गुप्ता प्रधान, प्रतिभा, अनिल कश्यप, दीपक, महेश बैंसला, राजेंद्र, जयवीर, डीके शर्मा, सुनील पाराशर, जयवीर चौधरी, रमेश पूर्व सरपंच, जितेंद्र पाराशर, राजू सैनी, ओपी सैनी एडवोकेट, कुंवरपाल मलिक, , हबीबी खान, गुडडू कुरैशी, भारत, अजय शर्मा, अनुज शर्मा एडवोकेट, एलएन मित्तल, हरदेव नंबरदार, राजेश दहिया, नजर मोहम्मद, सतबीर, आनंद सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वतंत्रता सैनानियों को सम्मान देना बड़ी देशसेवा कहलाएगी : राजेश नागर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने कहा कि देश की आजादी में अपनी प्रमुख भूमिका निभाने वाले शहीदों को ढूंढकर उन्हें सम्मानित करने का प्रयास बहुत ही अच्छा है और इसके लिए गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट प्रशंसा का पात्र है। नागर जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में ट्रस्ट द्वारा आयोजित क्रांति चक्र अवॉर्ड समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां अमर शहीदों के परिजनों से कहा कि आप भारत की गोल्डन पीढ़ी हो जिन्हें उनके परिजनों के बलिदान से आाजादी प्राप्त हुई है। यह अवसर भी सभी को प्राप्त नहीं हो सका है। नागर ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में अनेकों अनेक लोगों ने संघर्ष किया। किसी ने जेल तो किसी को गोलियां मिलीं। किसी ने अपने जीवन का बलिदान दे दिया। ऐसे में जब हमें आजादी मिली तो सबसे पहले भारत को एक बनाए रखते हुए आगे बढना था। ऐसे में तत्कालीन सरकारों, प्रशासन या अन्य कारणों से बहुत से लोग रह गए, जिन्हें उनकी शहीदों वाली पहचान भी नहीं मिल सकी। आज यह काम गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट कर रहा है। जो कि सराहनीय कार्य है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि देश के शहीदों का सम्मान करना भी एक बहुत बड़ी देशसेवा ही कहलाएगी। इससे पहले यहां मेरठ के अमर शहीद गुर्जर धन सिंह कोतवाल के गांव से चली क्रांति यात्रा का यहां स्टेडियम में जोरदार स्वागत किया गया। जहां हजारों की संख्या में अमर शहीदों के परिजन पहले से उपस्थित थे। इस अवसर पर सोशल मीडिया पर मशहूर एक्टिविस्ट हिन्दुस्तानी भाऊ ने भी लोगों में खूब जोश भरा। कार्यक्रम में सांसद रमेश बिधूड़ी, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर एवं ट्रस्ट के रोमी भाटी, जगदीश लोहिया, रणदीप चौहान, पवन नागर, पूनम लोहिया, जगमोहन भड़ाना आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## राष्ट्रहित में समाधानपरक हो पत्रकारिता : प्रो . हर्षवर्धन त्रिपाठी

**फरीदाबाद।** पत्रकारिता में नारदीय दृष्टि एवं चिंतन होना चाहिए जो सत्य और तथ्यों पर आधारित हो, जो देश की सांस्कृतिक एवं भौगोलिक विरासत को संजोने का कार्य करे। पत्रकारिता नारदीय दृष्टि संभावित समस्याओं के समाधान खोजने में सहायक होती है।

उक्त विचार आज बल्लबगढ़ में स्थित अग्रवाल कॉलेज के सभागार में विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित नारद जयंती समारोह के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं टीवी पैनालिस्ट प्रो. हर्षवर्धन त्रिपाठी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सत्ता सिंहासन से प्रश्न पूछना पत्रकार का कर्म भी है और धर्म भी लेकिन प्रश्न के मूल में जनहित हो, राष्ट्रहित हो। प्रश्न के मूल में राजनीतिक अथवा व्यक्तिगत स्वार्थ यदि छिपे हों तो वह पत्रकारिता पत्रकारिता के सिद्धांतों तथा सामाजिक दायित्वों के विपरीत होती है और राष्ट्र हित को क्षति पहुंचाती है। नारद जयंती के इस पावन अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित नारदस्वरूपा पत्रकार बंधू एवं भगिनियों को मंच पर बुला कर सम्मानित किया गया। उपभोक्ता मामले, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में मीडिया सलाहकार वरिष्ठ पत्रकार पंकज मिश्रा और राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ के फरीदाबाद विभाग प्रचार प्रमुख माधव जी कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि तथा स्वदेशी जागरण मंच के उत्तर क्षेत्र संपर्क प्रमुख सतेंद्र सोरोत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जेनिथ हॉस्पिटल बल्लबगढ़ के डायरेक्टर डॉ. गुलशन कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ तथा वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन समिति के सदस्य रूप किशोर ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख बलवंत सिंह, कृष्ण मुरारी जी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### निशुल्क अस्थि रोग शिविर में सैकड़ों मरीजों का परीक्षण कर दवा दी गई

**फिरोजाबाद।** महावीर नगर स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल में रविवार को निशुल्क अतिथि एवं जोड़ रोग का निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप में सैकड़ो रोगियों ने परीक्षण करा दवाई ली।

निशुल्क अस्थि रोग मेडिकल कैंप में हड्डियों में कमजोरी, बोन मिनिरल डेंसिटी की जांच की गई। शिविर में यूरिक एसिड की भी जांच की गई। फिजियो थेरेपी भी कराई गई। डॉक्टर वरुण शर्मा ने बताया शिविर में ओस्टोरियोपोरोसिस, ऑटोपीनिया, सर्वाइकल, कमर दर्द तथा घुटनों के दर्द के अधिकांश मरीज आए। उन्होंने बताया कि शिविर में 194 मरीजों ने लाभ लिया। बीमारियों की जांच करने के बाद उन्हें निशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में काफी दूर से मरीजों ने आकर बीमारी का परीक्षण कराया। शिविर में गैर जनपद के मरीज भी आए। चिकित्सक ने बताया निशुल्क परीक्षण शिविर समय-समय पर लगाया जाता है।

## देश में गर्भवती महिलाओं के लिये लाभकारी सिद्ध होगा सुपोषित मां अभियान : कृष्णपाल

**लोकमित्र ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा कुपोषण से मुक्ति हेतु एफआरयू-1, सेक्टर -30 सेंटर पर 'सुपोषित मां अभियान योजना का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक सीमा त्रिखा ने शुरू किया। इस अभियान के पहले चरण में 300 गर्भवती महिलाओं में से प्रत्येक को महीने में दो बार 7 किग्रा. संतुलित आहार की एक किट प्रदान की जाएगी। इस किट में गेहूं, चना, मक्काऔर बाजरे का आटा, गुड़, दलिया, दाल, बड़ी सोयाबीन, घी,मूंगफली, भुने हुए चने, खजूरऔर चावल शामिल होंगे। किट वितरण वाले दिन गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन दिया जाएगा साथ ही जच्चे-बच्चे की स्वास्थ्य चिकित्सा जाँच, रक्त, दवा, प्रसव सहित अन्यबातों का ध्यान रखा जाएगा।सुपोषित माँ अभियान में एक परिवार से एक गर्भवती महिला को शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रधानमंत्री की कुपोषण मुक्त भारत के सपने को पूरा करने में माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के इस प्रयास की प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में विश्व मातृ दिवस मनाया जा रहा है इस अभियान में ऐसी महिलाओं को जो गर्भवती हैं उनका शिशु स्वास्थ्य पैदा हो इसके लिए राशन किट दिया गया है। देश के प्रधानमंत्री का भी यह सपना है पोषण अभियान को आगे बढ़ाया जाए आज डेढ़ सौ गर्भवती महिलाओं के साथ 30 टीबी रोग से ग्रसित महिलाओं को यह किट दिया गया है और 9 महीने तक हर 15 दिन बाद इन महिलाओं को फिर से राशन किट दिया जाएगा उन्होंने कहा कि यह अभियान निरंतर आगे भी इसी तरीके से चलता रहेगा। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि सुपोषित माँ अभियान हमारी भावी पीढ़ियों को स्वस्थ बनाए रखने का एक विशेष अभियान है। सुपोषित माँ अभियान देश में गर्भवती महिलाओं के लिये लाभकारी सिद्ध होगा। इसका लक्ष्य गर्भवती महिलाओं, माताओं और बच्चों का पर्याप्त पोषण और उनका संपूर्ण विकास सुनिश्चित करना है। इस मौके पर सीएमओ विनय गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर रिचा बत्रा, डिप्टी सीएमओ डॉ गजराज, एसएमओ डॉक्टर ज्योति शर्मा, आशा कोऑर्डिनेटर उर्मिला शर्मा, सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल आगीवाल आदि मौजूद थे।

## खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए : मूलचंद शर्मा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को 22 वीं राज्यस्तरीय किकबॉक्सिंग चैंपियन शिप- 2023 के शुभारंभ किया। 22 वीं राज्यस्तरीय किकबॉक्सिंग चैंपियन शिप 2023 के शुभारंभ मौके पर स्थानीय सेक्टर-12 इंडोर स्टेडियम में प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए।

खेल प्रतियोगिताओं में जीतने वाले खिलाड़ियों से हारने वाले खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है। हारने वाले खिलाड़ी सीख लेकर जाएंगे तो निश्चित तौर पर अगली प्रतियोगिता में जीत सुनिश्चित करेंगे। बतौर मुख्यातिथि पहुंचने पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वहीं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मां सरस्वती पूजा दीप प्रज्वलित कर और परेड मार्च की स्लामी के साथ चैंपियन शिप का उद्घाटन किया। बता दें कि प्रदेश भर से करीब 27 टीम भाग ले रही हैं। इस मौके पर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता के भाई अनिल गुप्ता, प्रिंसिपल नेहरू कॉलेज एमके गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल केके गुप्ता, मनीष अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट गिर्राज सिंह, डॉ ललित सहित कोचिज व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लबगढ़ सेक्टर- 2 के राजकीय मिडिल स्कूल में जन कल्याण सेवा न्यास द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच कैंप में शिरकत करते हुए आज रविवार को मातृत्व दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। जहां परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने भी स्वास्थ्य की कराई जांच, बुजुर्गों माताओं से आशीर्वाद लेकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता टिपरचंद शर्मा, निर्वतमान पार्षद दीपक यादव ,प्रेम मदान बालकृष्ण प्रधान, गौरव शर्मा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने कर्नाटक में सरकार बनने की खुशी में बांटी मिठाई

**फिरोजाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी के नेतृत्व में घर संसार बाईपास रोड स्थित कार्यालय पर कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की शानदार जीत के उपलक्ष में बजरंगबली का भोग लगाकर मिष्ठान वितरित किया गया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने कहा कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है जो कि वहां की जनता ने कांग्रेस पर विश्वास करके अराजक तत्वों को नकारते हुए तथा मुद्दों पर बात करने वाले लोगों पर भरोसा करके उन्हें जनता की सेवा के लिए चुना है। कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता कर्नाटक की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा और पार्टी द्वारा जो भी वादे किए गए हैं उन्हें जी जान से पूरा करेगा।आने वाले चुनावों में जनता मुद्दों पर वोट करेगी ऐसा जनता ने संदेश दिया है और आगे कांग्रेस पार्टी की सरकार 2024 में बनाकर जनता कांग्रेस पार्टी को सेवा का मौका देगी।

## मां के बिना हमारा जीवन अधूरा है : रोशनी कुमारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** इष्ट फाउंडेशन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं असहाय बच्चों के लिए संचालित सेक्टर- 58 स्थित पाठशाला पर मातृदिवस मनाया गया। जिसके चलते बच्चों के बीच कला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसका शीर्षक रहा 'माँ तुझे सलाम'। संस्था की प्रमुख रोशनी कुमारी ने माँ की महिमा का व्याख्यान करते हुए कहा कि माँ मात्र एक शब्द नहीं है बल्कि सम्पूर्ण संसार है जिसके बिना हमारा जीवन अधूरा है। माँ के त्याग और समर्पण का अंदाज़ा कोई नहीं लगा सकता। समय- समय पर बच्चों के बीच ऐसी प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उभारना है इसी के साथ आज की इस 'माँ तुझे सलाम' आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल आये प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जायेगा। विक्रम सेठी जी ने बताया कि माँ के अस्तित्व को तो भगवान भी पूजते हैं कला के माध्यम से बच्चों द्वारा आज उन सभी माताओं को सलाम है। संस्था की लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपनी माताओं के लिए पोस्टर्स के माध्यम से सुंदर संदेश प्रस्तुत किये व अधिकाधिक बच्चों ने इस प्रतियोगिता मे भाग लिया। इस दौरान गुंजन, पारुल, कविता, प्राची, नीतू, रिया, माही, पूजा, सलोनी आदि मौजूद रहे।

## इरोज संपूर्णम सोसाइटी ने मातृ दिवस पर 34 महिलाओं को सम्मानित किया

**लोकमित्र ब्यूरो**



**ग्रेटर नोएडा वेस्ट।** विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के उल्लेखनीय योगदान के प्रति सम्मान और प्रशंसा को प्रकट करते हुए ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इरोज संपूर्णम सोसायटी में शनिवार को मातृ दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 2019 बैच की आईपीएस अधिकारी प्रीति यादव (डीसीपी, महिला सुरक्षा), ब्रह्मकुमारी विजय लक्ष्मी एवं विनीता बेदी कंबिरी (आकाशवाणी दिल्ली, प्रसारक) विशेष तौर पर उपलब्ध रहीं। सोयायटी में आयोजित मातृ दिवस आयोजन में 34 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों की उनके उल्लेखनीय योगदान एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया-

डॉ. मोना दुबे (विशेष शिक्षिका), रश्मि शर्मा (कॉर्पोरेट कानून विशेषज्ञ), सुमेधा नारंग (शिक्षिका), उज्जवला (आईटी पेशेवर), डॉ. अनुपमा शर्मा (फिजियोथेरेपिस्ट), पूनम शुक्ला (बेकर), जयश्री (यूट्यूब ब्लॉगर), दिव्या शर्मा (फटिनेस कोच), प्रीति बाजपेयी (फाउंडर, लिटिल स्टार्लिन), देबश्री चटर्जी (शिक्षिका), अर्पिता मित्रा (फाउंडर, आर्ट मेनियावर्ल्ड वाइड), सोनाली रॉय चौधरी (संगीत शिक्षिता), अनुराधा वत्स (सॉफ्टवेयर डेवलपर), प्रियंका मिश्रा (शिक्षिका), ममता सिंह (आर्ट एंड क्राफ्ट), ममता शर्मा (फटिनेस कोच), प्रियंका सिंह (आर्ट एंड क्राफ्ट), उज्जवला (आईटी प्रोफेशन), नीरज जैन (बेकर), शिवांगी गुप्ता (फाउंडर, चाटपारा), मार्था मित्रा (फाउंडर, रूट द क्राफ्ट), हरिंदर कौर (शिक्षिका), नंकिता गुजराती (फाउंडर-हैल्थ क्यू), दिव्या अवस्थी (फाउंडर, फ्रंटलाइन आटोमोटिव सर्विस), डॉ. मनु प्रिया (प्रोफेसर), ऊषा मित्तल (शिक्षिका) अंजलि सोनी (फाउंडर, यही फूड), अल्का मिश्रा (शिक्षिका), एकता कुमार (कंटेंट राइटर, लाइफ ब्लॉगर) व तृष्णा चटर्जी (सोशल वर्कर)।

इस आयोजन में पुरस्कार पाने वाली महिलाओं ने अपनी मां से संबंधी विचारों, स्मृतियों को साझा किया। ब्रह्मकुमारी विजय लक्ष्मी ने उपस्थित लोगों को मातृ दिवस संबंधी प्रवचन दिए, जिन्हें लोगों ने बड़े ध्यान से सुना। प्रीति यादव (डीसीपी, महिला सुरक्षा, गौतमबुद्धनगर) ने इस दौरान कार्यक्रम में आईं महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति सजग किया एवं महिलाओं को इस संबंधी पुलिस का क्या-क्या सहयोग होता है, उनसे भी अवगत कराया। डीसीपी प्रीति यादव ने सोसायटी में हुए इस आयोजन की भरपूर प्रशंसा की और विशेष आयोजकों में श्रीमती मोम्मी गुरिया एवं पूनम गौतम के आयोजन, प्रबंधन की तारीफ करते हुए उम्मीद जताई कि इस तरह के आयोजन भविष्य में सोसाइटी में होते रहें। इस उपलक्ष्य में सोयायटी में खाने-पीने के स्टॉल भी लगाए गए एवं कार्यक्रम में डीजे पर महिलाएं जमकर थिरकीं।

### डीसीए आरआर अकैडमी को 5 विकेट से हराया

**फिरोजाबाद।** जिला वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित रामलखन गुप्ता एवं कैलाश अग्रवाल स्मृति जिला समर क्रिकेट लीग में रविवार को डीसीए तथा आरआर अकैडमी जूनियर के मध्य मैच खेला गया। जिसमें डीसीए ने आरआर अकैडमी को 5 विकेट से हरा दिया।

एसआरके डिग्री कॉलेज के मैदान पर खेले गए मैच में पहले खेलते हुए आरआर अकैडमी की टीम ने 119 रन बनाए। बल्लेबाज अब्बास आमिर ने 34 रनों का योगदान दिया। डीसीए के गेंदबाज युवराज यादव ने चार तथा राहुल यादव ने तीन विकेट लिए।

जवाब में खेलते हुए डीसीए की टीम ने 5 विकेट खोकर जीत को निर्धारित 120 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया। शानदार खेल प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि वरिष्ठ क्रिकेटर नाजिम पटेल ने डीसीए के युवराज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

## शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों का पूरी तरह पालन करें : सीएमओ

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** जनपद के 70 आयुष्मान भारत- हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पर विशेष टीबी रोगी खोज अभियान शुरू होगा। 15 मई को जनपद में एकीकृत निक्षय दिवस भी मनाया जाएगा। एचडब्ल्यूसी पर टीबी संबंधी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए यह अभियान 21 कार्य दिवस का होगा। टीबी मुक्त भारत अभियान को गति प्रदान करने के लिए शुरू हो रहे इस अभियान को सफल बनाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने क्षय रोग विभाग के कर्मचारियों को दिये हैं। इस संबंध में विभागीय बैठक में उन्होंने कहा- सभी इस अभियान पर गंभीरता से काम करें और शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा. शिरीष जैन ने बताया- शासन के निर्देशानुसार अभियान के सफल संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। सभी 70 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं क्षय रोग विभाग की टीम को प्रशिक्षण दिया जा चुका है कि किस तरह काम करना है। उन्होंने बताया अभियान के संचालन की जिम्मेदारी जिला समन्वयक अंबुज पांडेय को दी गयी है। उन्होंने बताया- ग्राम स्तर पर हेल्थ कैंप के लिए सूची तैयार कर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से सीएचओ को भेज दी गयी है। सूची में समय, दिनांक और स्थान का उल्लेख है। बीच में उपचार छोड़ने वाले क्षय रोगियों की सूची तैयार कर ली गयी है। इन रोगियों को खोज कर उन्हें वापस उपचार पर लिया जाएगा। जिला स्तर पर अभियान का पर्यवेक्षण खुद सीएमओ, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) और जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (डीसीपीएम) करेंगे जबकि ब्लॉक स्तर पर यह जिम्मेदारी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) और ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) निभाएंगे।

डा. जैन ने बताया- अभियान की साप्ताहिक रिपोर्ट 22 मई एवं 29 मई को तथा अभियान समाप्ति के उपरांत संकलित रिपोर्ट राज्य स्तर पर प्रेषित की जाएगी।

# भारत जोड़ो यात्रा के समय ही तय हो गया था एजेंडा: जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में कांग्रेस को बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल हुई है। इसके बाद से कांग्रेस की उम्मीदें आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं। अपनी पार्टी की जीत पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा, ₹जीत का एजेंडा पिछले साल अक्टूबर में भारत जोड़ो यात्रा से तय कर लिया गया था। जब राहुल गांधी ने कर्नाटक में 22 दिन गुजारे और इस दौरान 7 जिलों और 21 विधानसभा की सीटें से गुजरे। उसी समय पार्टी में एक सद्भावना, एकता और विश्वास देखने को मिला, जिससे कांग्रेस को मजबूती मिली।



'कांग्रेस के लिए भारत जोड़ो यात्रा एक टर्निंग प्वाइंट रहा और इसके बाद हमने कई सभाएं और रैलियां की, जिसका पार्टी पर काफी सकारात्मक असर देखने को मिला है। हमने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ही चुनाव के लिए अपने वादे को लेकर विचार किया और लोगों को वादे किए। हालांकि, हमने अपना घोषणापत्र तैयार किया, लेकिन उनमें से पांच वादों को काफी सोच-विचार के साथ राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तय किया गया था।'

## भाजपा पर साधा निशाना

वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'कांग्रेस ने जीत हासिल की और भाजपा की डबल इंजन सरकार का भांडा-फोड़ हुआ है, लोगों को सच का पता लगा है।' ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने भी भाजपा पर तंज कसा है और कहा, 'कर्नाटक तो झांकी है और अभी पूरा हिंदुस्तान बाकी है। कर्नाटक ने दिखाया है कि देश की जनता तानाशाही को पराजित कर सकती है। जो 1978 में हुआ था, वहीं अब कर्नाटक से शुरुआत हो चुकी है।'

## भारत जोड़ो यात्रा का सीधा असर

कांग्रेस की जीत के बाद जयराम रमेश ने पोल की एक तस्वीर शेयर करते हुए ट्वीट किया और लिखा, 'कर्नाटक में #BharatJodoYatra का यह सीधा असर है। मोटे तौर पर पार्टी को एकजुट करने, कैडर में जोश भरने और कर्नाटक चुनाव के लिए नैरेटिव सेट करने में यात्रा की ज़बरदस्त भूमिका रही। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कर्नाटक के लोगों के साथ राहुल गांधी ने कई बातचीत की। इन बातचीत के आधार पर हमारी गारंटी एवं घोषणापत्र के लिए वादों पर चर्चा हुई और उन्हें अंतिम रूप दिया गया।'

## कर्नाटक में पार्टी को हासिल हुआ बहुमत

कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत हासिल हुआ है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कुल 224 सीटों में से 135 सीटों के साथ बहुमत मिला है। वहीं, भाजपा केवल 66 सीटें ही जीत पाई है। जेडीएस को मात्र 19 सीटों के साथ खाता बंद करना पड़ा।

# राहुल गांधी को दूर रखना कांग्रेस के लिए मददगार : भाजपा नेता

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमित मालवीय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। चुनावी परिणाम के बाद एक टेलिविजन चैनल पर अपने लाइव बयानों के लिए ट्विटर पर वह ट्रेंड करने लगे।

उन्होंने राहुल गांधी पर चुटकी लेते हुए कहा कि राहुल को दूर रखने से ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस हिमाचल से लेकर कर्नाटक तक काम करने लगी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा- 'विडंबना बहुत साल पहले ही मर गई थी जब रॉबर्ट वाड्रा ने मीडिया चैनलों को एक्सक्लूसिव देना शुरू कर दिया था और राहुल गांधी ने कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के साथ पूंजीवादियों की हार की घोषणा की थी।'



जहां मालवीय ने राहुल गांधी पर निशाना साधा, वहीं कांग्रेस ने राज्य में जीत का श्रेय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को दिया। राहुल का समर्थन करते हुए सिद्धारमैया ने कहा- 'मुझे उम्मीद है कि राहुल गांधी देश के पीएम बन सकते हैं।'

कर्नाटक चुनावी परिणाम के बाद मालवीय ने कहा कि भाजपा भले ही कर्नाटक में नीचे हो सकती है लेकिन बाहर नहीं हुई है। उन्होंने कहा भाजपा और कांग्रेस के वोट शेयर पर नजर डाले तो भाजपा का वोट शेयर 2018 में 36.2% से घटकर 35.8% हुआ , जो महज 0.4% की गिरावट थी। वहीं कांग्रेस के वोट शेयर में 38.1% से 42.9% तक 4.8% की बढ़त हुई। जेडीएस को 4.9 फीसदी का नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सबसे बड़ा लाभ पुराने मैसूर क्षेत्र से मिला था।

# सीबीआई के नए निदेशक नियुक्त हुए प्रवीण सूद, कर्नाटक से है नाता, दो साल का रहेगा कार्यकाल



**नई दिल्ली।** प्रवीण सूद को सीबीआई का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। प्रवीण सूद की नियुक्ति दो साल के लिए हुई है। प्रवीण सूद इससे पहले कर्नाटक के पुलिस चीफ भी रह चुके हैं। प्रवीण सूद, सीबीआई के मौजूदा निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल पूरा हो गया है। पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय कमेटी ने प्रवीण सूद का नाम फाइनल किया। इस कमेटी में पीएम मोदी के अलावा, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, नेता विपक्ष लोकसभा अधीर रंजन चौधरी भी शामिल रहे।

कमेटी ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों को शॉर्टलिस्ट किया था। उसके बाद इन नामों को कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी के पास भेजा गया था। इस कमेटी ने सीबीआई के नए अध्यक्ष का नाम तय किया। जिन तीन नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया था, उनमें कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद, फायर सर्विस, सिविल डिफेंस और होम गार्ड्स के डीजी ताज हसन और मध्य प्रदेश के डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना का नाम शामिल था।

## 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं सूद

प्रवीण सूद 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। सीबीआई के मौजूदा निदेशक सुबोध कुमार मुंबई पुलिस कमिश्नर थे और मुंबई पुलिस कमिश्नर से वह सीबीआई निदेशक बने थे। सीबीआई निदेशक का कार्यकाल दो साल अकोला के पुराने शहर में दो पक्षों के बीच झड़प, धारा 144 लागू, डिप्टी CM कर रहे मामले की निगरानी का होता है लेकिन इसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है। प्रवीण सूद ऐसे समय में सीबीआई निदेशक का पद संभाल रहे हैं, जब एजेंसी कई संवेदनशील मामलों की जांच कर रही है। इनमें पेगासस स्पाईवेयर, कोरोना महामारी के दौरान चिकित्सा उपकरणों की खरीद में घोटाला जैसे मामले शामिल हैं।

# जालंधर के नवनिर्वाचित सांसद सुशील कुमार रिंकू ने केजरीवाल से की मुलाकात, भगवंत मान भी रहे साथ

**नई दिल्ली।** जालंधर से आम आदमी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद सुशील कुमार रिंकू ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी साथ रहे। जालंधर लोकसभा उपचुनाव में भारी जीत हासिल करने के बाद रिंकू की यह मुलाकात महत्त्वपूर्ण मानी जा रही है।

अरविंद केजरीवाल ने सुशील कुमार को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे अपने गृह क्षेत्र में जनता के कामकाज को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दें। जालंधर लोकसभा को कांग्रेस के गढ़ के रूप में देखा जाता था। पिछले चार बार से यहां कांग्रेस के प्रत्याशियों को जीत मिलती रही थी। पिछले साल भगवंत मान की संगरूर सीट गंवाने के बाद इस सीट का चुनाव आम आदमी पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया था।

# 'यह पीएम मोदी की हार नहीं', कर्नाटक से कुर्सी जाने पर बसवराज बोम्मई ने दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक चुनावी परिणाम में जहां कांग्रेस आज बेंगलुरु में पार्टी बैठक में राज्य के सीएम पद के लिए चर्चा करने वाली है। वहीं हार के बाद भाजपा के नेता और कर्नाटक के निवर्तमान सीएम ने पार्टी की तरफ से प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपनी हार को स्वीकार करते हुए कहा कि ये पीएम मोदी की हार नहीं है, वह एक राष्ट्रीय नेता है।

उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नलीन कतील के पद न छोड़ने का दावा करते हुए कहा- 'नलीन कतील प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं देंगे। भाजपा के कुछ विधायक पार्टी के दफ्तर में मौजूद थे। हम अपनी हार को स्वीकार करते हैं। यह पीएम मोदी की हार नहीं है, वह एक राष्ट्रीय नेता है। कांग्रेस की पूरे देश में हार हुई है।'

## प्रदेश अध्यक्ष के साथ की अनऔपचारिक बैठक

प्रदेश अध्यक्ष के साथ हुई बैठक के बाद बोम्मई ने बताया कि उन्होंने बैठक में कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा- 'हमने अपने प्रदेश अध्यक्ष के साथ एक अनऔपचारिक बैठक की, जिसमें हमने कुछ मुद्दों पर बातचीत की। हम जल्द ही निर्वाचित प्रतिनिधियों और चुनाव लड़ने वाले लोगों को बुलाएंगे। इस हार के बाद हम गहराई में विश्लेषण करेंगे और लोकसभा चुनाव में सत्ता में वापस आने के लिए अपने पाठ्यक्रम में सुधार करेंगे।'



## पार्टी हिदुत्व के लिए नहीं लड़ी

बसावराज बोम्मई ने संवाददाताओं से बीतचीत करते हुए कहा कि पार्टी कभी भी हिदुत्व के लिए नहीं लड़ी। वे केवल डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों पर लड़े। हार के बाद उन्होंने कहा कि इसके चार-पांत कारण हो सकते हैं। हमें ज़मीनी स्तर पर जाकर देखना होगा और अभी हम किसी भी निष्कर्श पर नहीं पहुंच सकते हैं।

# हत्या के प्रयास के मामले में तीन ऑटोरिक्शा चालक बरी; मंदिर में चोरी के आरोप में दो पर मामला दर्ज

**मुंबई।** ठाणे की जिला अदालत ने सबूतों के अभाव में तीन ऑटोरिक्शा चालकों को बरी कर दिया। ये सभी साल 2012 में दंगा करने और एक कार्यकर्ता की हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे थे।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित शेटे ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ आरोपों को साबित करने में विफल रहा है। आदेश की एक प्रति रविवार को उपलब्ध कराई गई। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया था कि पीड़ित ठाणे के मीरा रोड इलाके में ऑटो रिक्शा के किराए का मुद्दा उठाता था। इसलिए तीन ऑटो रिक्शा चालकों ने 11 अक्टूबर, 2012 को कार्यकर्ता पर हथियारों से हमला किया। बचाव पक्ष ने दावा किया कि तीनों अपराध में शामिल नहीं थे और उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया था। न्यायधीश ने कहा, अभियोजन पक्ष ने कथित अपराध के पीड़ित राकेश सरावगी से पूछताछ की।

# अकोला के पुराने शहर में दो पक्षों के बीच झड़प, धारा 144 लागू, डिप्टी सीएम कर रहे मामले की निगरानी

**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला जिले में पुराने शहर में शनिवार रात 11:30 बजे एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें दो पुलिसकर्मियों समेत आठ लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद प्रशासन ने शहर में धारा 144 लगा दी है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(एएसपी) मोनिका राउत ने बताया कि इस हिंसक झड़प में एक व्यक्ति के मारे जाने की भी आशंका जताई जा रही है। अमरावती से राज्य रिजर्व पुलिस के एक हजार जवानों को अकोला शहर में तैनात किया गया है। वहीं पुलिस ने अबतक इस मामले में 26 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। हिंसा को शांत करने के लिए पुलिस ने लोगों के ऊपर आंसू गैंस का इस्तेमाल किया। हिंसक झड़प का कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें दो समूह के सदस्यों को एक-दूसरे पर पथराव करते, वाहनों को क्षतिग्रस्त करते और सड़कों पर हंगामा करते हुए दिखाया गया है। अकोला जिले के कलेक्टर नीमा अरोड़ा ने कहा कि हिंसक झड़पों के बाद शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, हिंसक भीड़ ने कुछ वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि मामूली विवाद के बाद हुई हिंसक घटना के बाद पुरानी शहर थाने के पास भारी भीड़ जमा हो गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हिंसक भीड़ ने इलाके में कुछ वाहनों को निशाना बनाया। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रण में किया। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, राज्य के उप मुख्यमंत्री और अकोला जिले के संरक्षक मंत्री देवेंद्र फडणवीस स्थिति की निगरानी करते हुए लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

# मोदी लहर खत्म हो गई है, संजय राउत बोले– तानाशाही को भी हराया जा सकता है

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) नेता संजय राउत का कहन है कि मोदी लहर खत्म हो गई है और अब उनकी लहर आने वाली है। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर संजय राउत ने कहा कि बजरंग बली ने भाजपा का नहीं बल्कि कांग्रेस का साथ दिया। उन्होंने कहा कि रविवार को शरद पवार के घर पर 2024 की तैयारियों को लेकर अहम बैठक होगी। संजय राउत ने कहा कि 'मोदी लहर खत्म हो गई है और अब देश में हमारी लहर आने वाली है। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए हमारी तैयारी शुरू हो गई हैं। आज शरद पवार की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा होगी और उसकी तैयारी शुरू हो गई है।'

कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर राउत ने कहा कि कर्नाटक के लोगों ने बता दिया कि तानाशाही को हराया जा सकता है। कांग्रेस को जीत मिली है तो इसका मतलब है कि बजरंग बली कांग्रेस के साथ हैं ना कि भाजपा के साथ। हमारे गृहमंत्री कह रहे थे कि अगर भाजपा हारती है तो दंगे होंगे। कर्नाटक में सब शांति और खुश हैं। दंगे कहां हो रहे हैं?



संजय राउत ने कहा कि रविवार शाम साढ़े चार बजे एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर महाविकास अघाड़ी की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में शरद पवार, उद्धव ठाकरे, नाना पटोले, अजित पवार, बालासाहेब थारोट और अन्य नेता शामिल होंगे। बता दें कि कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से विपक्ष उत्साहित है और एक तरह से 2024 के लिए ना सिर्फ कांग्रेस बल्कि पूरे विपक्ष को संजीवनी मिल गई है।

# तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से तीन की मौत, विपक्ष ने सत्तारूढ़ पार्टी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से तीन लोगों की मौत हो गई। इस मामले में राज्य के सीएम एम के स्टालिन ने बताया कि तीन पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने जहरीली शराब से मरने वालों को के परावार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की भी बात कही। यह घटना मरकानम के एकियारकुप्पम में रविवार की रात को घटी, जिसमें पीड़ितों की उम्र 45 से 55 साल के बीच बताई जा रही है। पुडुचेरी में जहरीली शराब पीने वाले दो अन्य लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। सीएम स्टालिन मरने वाले तीन लोगों पर शोक जताया। उन्होंने बताया कि दो निरीक्षकों सहित चार पुलिसकर्मियों को मरकानम घटना के सिलसिले में निलंबित कर दिया गया है। अस्पताल में भर्ती लोगों को सीएम ने मुआवजे के तौर पर 50,000 रुपये देने का वादा किया है। जहरीली शराब मामले में सत्तारूढ़ सरकार पर अन्नाद्रमुक और पीएमके ने निशाना साधा। अन्नाद्रमुक के महासचिव और विपक्ष के नेता के पलानीस्वामी ने कहा कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाले 10 साल के शासन (2011-2021) में राज्य में जहरीली शराब के लिए कोई जगह नहीं थी। उन्होंने जहरीली शराब की वजह से हुई मौत के लिए सत्तारूढ़ डीएमके पार्टी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने ट्वीट कर कहा- 'अब इस मामले के खिलाफ कठोर कदम उठाया जाना चाहिए।' पीएमके के संस्थापक डॉ. एस रामदास ने भी ट्वीट कर जहरीली शराब की बिक्री के खिलाफ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# 2024 में किसके हाथ लगेगी सत्ता की चाबी, इस साल होने वाले कई राज्यों के चुनाव तय करेंगे सियासी समीकरण!

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव भले ही खत्म हो गए हों, लेकिन इस साल होने वाले अन्य राज्यों के चुनावों के बाद 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा हो रही है। इधर, लोकसभा की लड़ाई से पहले देश के 4 अहम राज्यों में होने वाले चुनावों से सियासी पारा चढ़ने के साथ ही आगे की तस्वीर भी साफ होगी।बता दें कि लोकसभा चुनाव के साथ कम से कम 3 विधानसभा चुनाव भी हो सकते हैं। वहीं कर्नाटक के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में इस साल चुनाव होंगे। नागालैंड, त्रिपुरा और मेघालय के पूर्वोत्तर राज्यों में 2023 में विधानसभा चुनाव होने वाले पहले राज्य थे।

2023 के आखिरी भाग में मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना की विधानसभाओं के कार्यकाल के साथ इस साल दिसंबर और जनवरी 2024 में अलग-अलग तारीखों पर विधानसभा चुनावों की एक श्रृंखला होगी। जबकि 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 जनवरी और 6 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा है।



राजस्थान और तेलंगाना विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 14 जनवरी और 16 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा है। इन पांच राज्यों में एक साथ चुनाव होने से इस चरण में इंकार नहीं किया जा सकता है। निर्धारित चुनावों के अलावा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव भी इस साल होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

राजस्थान और तेलंगाना विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 14 जनवरी और 16 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा है। इन पांच राज्यों में एक साथ चुनाव होने से इस चरण में इंकार नहीं किया जा सकता है। निर्धारित चुनावों के अलावा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव भी इस साल होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

सूत्रों ने पहले कहा था कि जम्मू-कश्मीर में सर्दियों की स्थिति कम होने के बाद 2023 की गर्मियों में चुनाव हो सकते हैं और समय सुरक्षा परिदृश्य पर निर्भर करेगा।

1 जुलाई से 31 अगस्त तक 62 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के समापन के बाद, जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए इस साल अक्टूबर में संभावित विंडो उपलब्ध हो सकती है।

आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा की विधानसभाओं का कार्यकाल अलग-अलग तारीखों पर अगले साल जून में खत्म हो रहा है। चूंकि आम तौर पर लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होते हैं, इसलिए संभावना है कि तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव संसदीय प्रक्रिया के साथ-साथ कराए जा सकते हैं।

# 'गुजरात में भी होगा कर्नाटक जैसा हाल', बीजेपी विधायक ने क्यों दी ये चेतावनी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी के गृहराज्य गुजरात में वलसाड के अंबर गांव से विधायक रमण पाटकर ने चेतावनी दी है कि यदि जनता के कामकाज को प्राथमिकता नहीं दी गई तो गुजरात में भी कर्नाटक जैसे हालात बन सकते हैं। उन्होंने शिकायत की कि गुजरात में जनता के कामकाज की उपेक्षा हो रही है और जनप्रतिनिधि उनको प्राथमिकता नहीं दे रहे हैं। विधायक की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब दो दिन पूर्व ही प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में 4400 करोड़ रूपये की योजनाओं की शुरुआत की है। पिछले वर्ष के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने गुजरात की 182 सीटों में से 156 पर जीत दर्ज कर नया इतिहास रच दिया था और कांग्रेस केवल 17 सीटों पर सिमट गई थी। यदि गुजरात सरकार और भाजपा संगठन के द्वारा जनता के हितों को प्राथमिकता नहीं दी गई तो यहां भी जनता में रोष पैदा हो सकता है।

# मातृ–दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय कवि संगम की लाजबाब काव्य गोष्ठी

**कोलकाता।** राष्ट्रीय कवि संगम पश्चिम बंगाल की दक्षिण 24 परगना जिला इकाई द्वारा मातृ-दिवस के उपलक्ष्य में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. गिरिधर राय की अध्यक्षता में मातृ-दिवस पर भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में शहर के कई वरिष्ठ तथा कनिष्ठ कवियों ने माँ पर केन्द्रित अपनी स्वरचित रचनाओं की बेहतरीन प्रस्तुति देकर काव्य की गंगा बहा दी। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थी प्रान्तीय उपाध्यक्ष श्रीमती श्यामा सिंह और विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे प्रांतीय महामंत्री राम पुकार सिंह। कार्यक्रम की शुरुआत हुई सरस्वती वंदना से जिसे प्रस्तुत किया, मधुर कंठ की धनी कामायनी संजय ने। वीर बहादुर सिंह की रचना रही-हिंदी मेरी मां तो बंगला मेरी मासी है,गर्व हैं हमें हम भारत में बंगाल के निवासी है। वही अनूप भदानी ने कहा- तू जननी, तू जीवन, तुझसे यह संसार है। तू ममता, तू करूणा, तुझसे ही सच्चा प्यार है। प्रांतीय मीडिया प्रमुख देवेश मिश्र ने भारत माँ को समर्पित अपने धधकती हुई कविता प्रस्तुत की। नागेंद्र कुमार दुबे की कविता थी- शिशु से गिरने से लेकर उठकर चलने तक, जो पुलकित होती है वह माँ है। श्यामा सिंह ने मां पर एक छोटी किंतु सारगर्भित कविता - भले हो देह माटी की हृदय अपना खरा कुंदन/बढ़ाया हाथ है हमने सुना जब भी कहीं क्रंदन।₹ सुनाई तथा उपस्थित



नवयुवक कवियों का उत्साहवर्धन किया। रामपुकार सिंह ने अपनी लाजवाब गजल - माँ के बिना इस सृष्टि की तो कल्पना ही है अधूरी/ सबसे अलग सबसे जुदा सबसे सही में खास है माँ। सुनाकर सभी की वाह वाही लूटी। अन्य रचनाकारों में अक्षय गिरि, प्रदीप जायसवाल और हर्ष वर्मा प्रमुख रहे। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ.राय ने नये कवियों को मार्गदर्शित किया तथा उनकी रचनाओं की प्रशंसा की। उन्होंने अपनी रचना - माँ के चरणों में स्वर्ग बसा है/ अभागे है वे जो देख नही पाते हैं। सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन और संयोजन किया जिला मंत्री विजय शर्मा विद्रोही ने तथा धन्यवाद ज्ञापित किया जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र कुमार दुबे ने।